हुक्मनामा समाचार रोजाना अपने वाट्सअप पर प्राप्त करने के लिए 9828010551 पर मैसेज करे


# शिव संदेश से गुंजायमान हुआ टोंक शहरएपुष्पवर्षा के बीच आत्म-जागृति का संदेश लेकर निकली शिव संदेश शोभायात्रा



**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव के दौरान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा टोंक द्वारा शहर में जन-जन तक परमात्मा का संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से भव्य शिव संदेश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा को पुरानी टोंक स्थित ब्रह्माकुमारीज़ के प्रभु उपहार भवन से ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी, पुरानी टोंक थाना एस एच ओ शंकरलाल, ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी ब्रह्माकुमारी गुंजन दीदी राजयोगी बीके प्रहलाद भाई, ओम प्रकाश गुप्ता ने शिव ध्वज दिखाकर प्रारंभ किया, जो बंबोर गेट, घंटाघर एवं मुख्य बाजार मार्ग से होते हुए यज्ञ के बालाजी स्थित राजयोग भवन में संपन्न हुई, जहां ब्रह्माकुमारी बीना दीदी द्वारा स्वागत किया गया। शोभायात्रा में सर्वधर्म सद्भाव और आत्म.जागृति का संदेश प्रमुख रूप से दिया गया। यात्रा के अग्रभाग में भारत माता एवं ब्रह्माकुमारी बहनें हाथों में ध्वज लिए चल रही थी, वही पीछे सुसज्जित बग्गी में ब्रह्माकुमारी दीदियां विराजमान होकर शहरवासियों को पवित्र वाइब्रेशन प्रदान कर रही थीं। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर शहरवासियों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। यात्रा में आकर्षक झांकियों के माध्यम से दर्शाया गया कि सभी धर्मों के पिताओं ने किसी न किसी रूप में परमपिता परमात्मा शिव को स्मरण किया है। एक अन्य झांकी में शिव परिवार का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया गयाए जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वृत्ताधिकारी टोंक मृत्युंजय मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने शिव ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान द्वारा समाज में नैतिक मूल्यों के संवर्धन तथा राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से मानसिक स्थिरता प्रदान करने के प्रयासों की सराहना की। टोंक सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी ने शिव जयंती का आध्यात्मिक महत्व स्पष्ट करते हुए कहा कि वर्तमान संगम युग में सर्व आत्माओं के पिता परमपिता परमात्मा शिव अवतरित होकर दिव्य ज्ञान और सहज राजयोग का मार्गदर्शन दे रहे हैं, जिससे आत्माओं का जागरण एवं आंतरिक शक्तियों का सशक्तिकरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि उसी दिव्य अवतरण की स्मृति का पावन पर्व है। परमपिता परमात्मा शिव सर्वश्रेष्ठ, सर्वशक्तिमान, सर्वधर्म मान्य तथा सर्वोच्च हैं, परंतु सर्वव्यापी नहीं हैं। पुरानी टोंक सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ऋतु दीदी ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे तथा शिव संदेश को आत्मसात करते हुए आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया।

## अंबेडकर बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन



**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर्व पर अंबेडकर बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें 500 महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर हिंदू सम्मेलन में भाग लिया । रामकृष्ण मंदिर में पहुंचने के बाद वहां श्री श्री 108 श्री राम जी महाराज ने प्रवचन दिए, साथ ही पूरणमल कुशवाहा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर पांच परिवर्तन यथा सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व का बोध, नागरिक कर्तव्य पर ओजस्वी भाषण दिया । कार्यक्रम में दीनदयाल कसेरा, तुलसीदास, गोविंद सोनी, पुरुषोत्तम जायसवाल, आदित्य मीणा, जितेंद्र सांवरिया, शंकर ग्वाल एवं परीक्षित साहू उपस्थित रहे।

### आंधी व जमवारामगढ़ में धूमधाम से मनाया गया महाशिवरात्रि पर्व

## नीरज गुप्ता ने भोलेनाथ की पूजा अर्चना, दर्शन कर लगाई धोक

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जमवारामगढ़ व आंधी में महाशिवरात्रि पर्व बडी धूमधाम से मनाया गया। शिवालयों में अल सुबह से ही शिव भक्तों का तांता लगा रहा। आंधी थाना परिसर में बने शिव मंदिर में कस्बे की महिलाएं सुबह से ही भोलेनाथ की पूजा अर्चना करते व जेघड चढ़ाते हुए नजर आई। प्रशिक्षु नीरज गुप्ता ने भी आंधी थाना परिसर में बने शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर, भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर धोक लगाई ओर प्रदेश में अमन-चैन एवं खुशहाली की मंगल कामना की। महिलाओं ने भोलेनाथ का जलाभिषेक कर कुमकुम, मोली, आक, धतूरा, भांग, गाजर, बेर ओर बिल्व पत्र से भोलेनाथ को रिझाने का प्रयास किया। नीरज गुप्ता ने कहा की भगवान शंकर सब देवताओं में भोले हैं और ये अपने भक्तों को मनचाहा वरदान देते है। भाजपा मंडल अध्यक्ष आंधी सीताराम शर्मा व कांग्रेस मंडल अध्यक्ष अमर सिंह मीणा ने भी भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। राधे गोविन्द देव मंदिर महंत चिरंजीव दास महाराज के सानिध्य में महाशिवरात्रि पर्व बड़े धूम-धाम से मनाया गया जिसके उपलक्ष्य में मंदिर में विराजमान




भगवान शिव को गंगाजल व पंचामृत से स्नान कराकर आक, धतूरा, भांग, सोगरी, बोर, गाजर सहित फल फूल व मिष्ठान चढ़ाकर भोले बाबा को मनाया गया। मंदिर में सुबह से ही भोले बाबा के भक्तों का तांता लगा रहा झुण्ड के झुण्ड औरतें मंगल गीत गाते हुए नव विवाहित महिलाओं के शिर पर पानी से भरी जेघड़ (कलश) रखकर नाचते गाते हुए मंदिर में पहुंची व भोलेनाथ को प्रसन्न करने हेतु पुजन करके परिवार सहित देश प्रदेश में खुशहाली की कामना करते हुए महाशिवरात्रि का उपवास रखा।

## रणथम्भौर के अमरेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर सजी 500 किलो फूलों की भव्य झांकी, अलौकिक श्रृंगार ने मोहा मन



**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रणथम्भौर स्थित अमरेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों की आस्था और श्रद्धा का अनुपम संगम देखने को मिला। इस अवसर पर विभिन्न शहरों से विशेष रूप से मंगवाए गए लगभग 500 किलो ताजे एवं सुगंधित फूलों से भगवान अमरेश्वर महादेव का भव्य एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर में मनमोहक पुष्प झांकी सजाई गई, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। रंग-बिरंगे फूलों से सजे मंदिर की अलौकिक छटा ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महाशिवरात्रि पर दर्शन एवं पूजन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। दिनभर मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, पूजन-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम चलता रहा। भक्तों ने बताया कि सामूहिक सहयोग से विभिन्न स्थानों से फूल मंगवाकर यह विशेष सजावट की गई, जिससे पर्व की भक्ति भावना और अधिक सजीव हो उठी। महाशिवरात्रि पर सजी यह भव्य पुष्प झांकी श्रद्धा, भक्ति और सामुदायिक सहभागिता का आकर्षक एवं प्रेरणादायी उदाहरण बनी।

## कोतवाली थाना पुलिस की सख्त नाकाबंदी, वाहनों की जांच में नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर नाकाबंदी अभियान चलाया गया।

पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल के निर्देश पर बीती शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर ए-श्रेणी की नाकाबंदी कर वाहनों की सघन जांच की गई। नाकाबंदी के दौरान पुलिस टीमों ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों, काली फिल्म चढ़े वाहनों, तेज रफ्तार बाइक चालकों तथा संदिग्ध अवस्था में बेवजह घूम रहे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की। अभियान के तहत कई वाहनों की जांच कर नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान भी किए गए। कोतवाली थाना पुलिस के एसआई चंद्र हुसैन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार यह विशेष अभियान चलाया गया है, जिसका उद्देश्य शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना और यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों एवं काली फिल्म लगे वाहनों के विरुद्ध सख्ती बरती जाएगी। पुलिस ने आमजन से यातायात नियमों का पालन करने तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है।

## राज्य बजट 2026-27 में सवाई माधोपुर को बड़ी सौगातें, 75 करोड़ के बाढ़ सुरक्षा कार्य सहित कई घोषणाएं




**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, कृषि एवं उद्यानिकी, ग्रामीण विकास एवं आपदा प्रबंधन मंत्री ने रविवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में राज्य बजट 2026-27 की प्रमुख विशेषताओं और जिले को मिली महत्वपूर्ण घोषणाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास का रोडमैप है, जो महिला, युवा, किसान, मजदूर और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के कल्याण को समर्पित है। मंत्री ने बताया कि 6 लाख 10 हजार 956 करोड़ रुपये के आकार वाला यह बजट वर्ष 2023-24 की तुलना में 41 प्रतिशत अधिक है। बजट आधारभूत विकास, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, ऊर्जा, कृषि, सामाजिक सुरक्षा, रोजगार, सुशासन और हरित विकास जैसे 10 प्रमुख स्तंभों पर आधारित है। इसमें राज्य की प्रति व्यक्ति आय पहली बार 2 लाख रुपये से अधिक होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता के लिए राजस्थान स्टेट टेस्टिंग एजेंसी का गठन किया जाएगा तथा आगामी पांच वर्षों में 4 लाख सरकारी नौकरियां देने के लक्ष्य के अनुरूप भर्ती प्रक्रियाओं को गति दी जाएगी। इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर 3427 करोड़ रुपये खर्च कर 42 हजार किलोमीटर सड़कों का निर्माण एवं आरयूबी-आरओबी कार्यों पर 920 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। पेयजल उपलब्धता के लिए 600 ट्यूबवेल और 1200 हैंडपंप लगाए जाएंगे तथा अमृत 2.0 योजना के तहत 3 लाख नए कनेक्शन जारी होंगे। शिक्षा के लिए 69 हजार करोड़ और स्वास्थ्य के लिए 32 हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है। सवाई माधोपुर को मिली प्रमुख सौगातें मंत्री ने बताया कि जिले में जड़ावता क्षेत्र में बाढ़ सुरक्षा दीवार और खेतों में मिट्टी भराव सहित कार्यों पर लगभग 75 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। युवाओं के लिए सवाई माधोपुर में फ्लाइंग ट्रेनिंग आ ॅ र्ग े नाइजेशन (एफटीओ) की स्थापना और उद्योगों से जुड़े इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल डेवलपमेंट एंड वोकेशनल ट्रेनिंग की शुरुआत की जाएगी। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा 15 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों का सुदृढ़ीकरण, खंडार क्षेत्र में 7 करोड़ रुपये की पुलियाएं और बामनवास क्षेत्र में नई सड़कों का निर्माण कराया जाएगा।

सूरवाल बांध के अतिरिक्त जल निकासी के लिए परियोजना रिपोर्ट तैयार होगी। मोरेल बांध नहर प्रणाली के नवीनीकरण और मोरेल नदी पर एनिकट निर्माण के लिए 20-20 करोड़ रुपये तथा खंडार उपखंड में मानसरोवर बांध मरम्मत के लिए 8 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### सामान्य बीमारियों के घरेलू उपचार पर डॉक्टर मोहम्मद अकमल का व्याख्यान, स्वास्थ्य जागरूकता पर जोर



**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** यूनिवर्सिटी कॉलेज आफ यूनानी टोंक के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर मोहम्मद अकमल ने आरोग्य मेले में ''ॅमन यूनानी होम रेमेडीज'' विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि सामान्य बीमारियों के उपचार में घरेलू स्तर पर अपना, जाने वाले यूनानी नुस्खे अत्यंत प्रभावी एवं सुरक्षित हो सकते हैं। उन्होंने सर्दी-जुकाम, अपच, पेट दर्द, कमजोरी तथा मौसमी रोगों के लिए सरल उपायों की जानकारी देते हुए लोगों को जीवनशैली में सुधार, संतुलित आहार और प्राकृतिक उपचार पद्धतियों को अपनाने की सलाह दी। डॉ. अकमल ने बताया कि यूनानी चिकित्सा पद्धति में खान-पान (इलाज-बिल-गिज़ा) तथा घरेलू उपायों का विशेष महत्व है, जिससे बिना दुष्प्रभाव के स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने व्याख्यान को उपयोगी बताते हुए विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न भी पूछे, जिनका उन्होंने विस्तार से उत्तर दिया। ज्ञात हो कि आयुष विभाग की ओर से निरोगी राजस्थान की संकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से टोंक में आयुष आरोग्य मेले का आयोजन 13 से 16 फरवरी तक गांधी गांधी खेल मैदान में आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में आयुर्वेदए यूनानी व होम्योपैथी पद्धतियों की ओर से चिकित्सा उपचारए स्वास्थ्य उन्नयन जीवनशैली के लिए परामर्श व सुझाव तथा विशिष्ट व जटिल रोगों की यूनानी, आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक चिकित्सा नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। कपिंग थेरेपी शिविर प्रभारी डॉ. शोएब रहमान एवं यूनानी चिकित्सा मेडिसिन विभाग के इकाई प्रभारी डॉ सय्यद मंज़ूर हसन ने बताया कि मेले मे यूनानी में ज्यादातर त्वचा रोगएजोड़ों के दर्द जैसे कमरदर्द गर्दन के दर्द घुटनो के दर्द, साएटिका, मधुमेह, माइग्रेन, लीवर एवं पेट रोग, चर्म रोग, बवासीर एवं मौसमी बीमारियों के मरीज आ रहे हैं, मेले में आने वाले सभी मरीजों को चिकित्सा परामर्श के साथ दवाइयां भी नि:शुल्क दी जा रही है, यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ यूनानी टोंक के डॉक्टर जीशान अली ने बताया कि आरोग्य मेले में इस वर्ष यूनानी पद्धति की हिजामा थेरेपी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। बिना किसी औषधि के हिजामा द्वारा कमर दर्द, गर्दन दर्द, साएटिका, जोड़ों के दर्द तथा जैसी समस्याओं में राहत प्रदान की गई। आरोग्य मेला यूनानी नोडल प्रभारी डॉ मोहम्मद रोशन ने बताया कि को मेले में यूनानी औषधियों एवं से कपिंग थेरेपी से रोगी ने लाभान्वित हो रहे है। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों में डॉक्टर मुहम्मद मतीन, डॉक्टर असदुल्लाह खान, डॉक्टर फिरोज खान, डाक्टर जीशान अली, डॉक्टर अमजद सैफी, डॉक्टर मोहम्मद मोमिन, डॉक्टर हिना जफर, डॉक्टर आसिम, डॉक्टर दानिश ने अपनी सेवाएं दीं।

## एक नजर

### जिला मुख्यालय पर संचालित शिवम् नशामुक्ति केन्द्र, बेहतरीन प्रबंधन के साथ विशेषज्ञ सेवाएं



**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार राजस्थान को नशामुक्त प्रदेश बनाने के लिए संकल्पित प्रयास कर रही है। इन्हीं प्रयासों के क्रम में जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में चूरू जिले को नशामुक्त बनाने के लिए 'नशामुक्त चूरू अभियान' चलाया जा रहा है। नशामुक्त चूरू अभियान को साकार करने की दिशा में प्रदेश सरकार से अनुदानित व जिला मुख्यालय पर एलएन मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में संचालित शिवम् नशामुक्ति केन्द्र बेहतरीन प्रयास कर रहा है। केन्द्र में सुव्यवस्थित प्रबंधन, सकारात्मक वातावरण एवं निरंतर निगरानी के चलते अब तक 91 व्यक्तियों को नशे की गिरफ्त से मुक्त कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा चुका है। प्रदेश सरकार कर रही सहायता नशा मुक्ति अभियान में प्रदेश सरकार द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से नशामुक्ति केन्द्रों को अनुदान दिया जा रहा है। शिवम् नशामुक्ति केन्द्र को प्रदेश सरकार की ओर से आवश्यक इन्फ्रा व मूलभूत सुविधाएं विकसित करने के लिए 03 लाख 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है तथा केन्द्र पर आने वाले मरीजों की देखभाल हेतु प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 120 रुपये की सहायता दी जा रही है। बेहतरीन प्रबंधन के साथ विशेषज्ञ सेवाएं केन्द्र पर चिकित्सा सुविधा, योग व ध्यान, शारीरिक व्यायाम, रहने व भोजन सहित बेहतरीन प्रबंधित सुविधाओं के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित काउंसलर्स की सेवाओं के माध्यम से नशे की लत से ग्रसित व्यक्तियों का उपचार, परामर्श एवं पुनर्वास किया जा रहा है। नशामुक्ति केन्द्र में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं उपचार सुविधा, प्रशिक्षित काउंसलर्स द्वारा व्यक्तिगत एवं समूह परामर्श, सुरक्षित एवं स्वच्छ आवासीय व्यवस्था, संतुलित एवं पौष्टिक भोजन की व्यवस्था, योग, ध्यान एवं मानसिक स्वास्थ्य सत्र, व्यवहार सुधार एवं व्यक्तित्व विकास गतिविधियां, पुनर्वास एवं फॉलो-अप परामर्श सुविधा सहित गुणवत्तापूर्ण भोजन व आवासीय सुविधा पूर्णतया नि: शुल्क उपलब्ध है।

### बुजुर्ग पर हमले से लोगों में दहशत: 10 माह में एक हजार लोग बने शिकार

**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** शहर में पिछले एक माह से आवारा स्वानों की बढ़ती संख्या ने आमजन का जीना दूभर कर दिया है। हालात ऐसे हैं कि शायद ही कोई मोहल्ला बचा हो, जहां आठ-दस कुत्तों का झुंड नजर न आता हो। लगातार शिकायतों के बावजूद नगर परिषद की ओर से ठोस कदम नहीं उठाए जाने पर लोगों में रोष है। **अस्पताल में बढ़ रहे मामले** सेटेलाइट अस्पताल में प्रतिदिन औसतन आधा दर्जन डॉग बाइट के प्रकरण पहुंच रहे हैं। चिकित्सा सूत्रों के अनुसार बीते दस माह में करीब एक हजार लोग कुत्तों के हमले का शिकार हो चुके हैं। वर्तमान स्थिति में भी राहत के आसार नजर नहीं आ रहे। स्वान झुंड में घूमते हैं और राहगीरों को देखकर भौंकते हुए झपट पड़ते हैं। शनिवार को आनंद नगर कॉलोनी के वार्ड 29 में 75 वर्षीय हरीराम मूलचंदानी जैसे ही घर से बाहर निकले, स्वानों के समूह ने उन पर हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर दौड़े और किसी तरह उन्हें बचाया। वार्डवासी दीपक पेशवानी के अनुसार हमले में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। वार्ड 31 निवासी जीतेन्द्र प्रदनानी ने बताया कि रेलवे फाटक के पास कई कुत्ते डेरा डाले हुए हैं। शाम ढलते ही आक्रामक हो जाते है। जसोरिया कॉलोनी और प्लेटफार्म नंबर दो की ओर जाने वाले मार्ग पर भी यही स्थिति है। रात में आने-जाने वाले यात्री भयवश लंबा चक्कर लगाने को मजबूर हैं। **सुबह की दौड़ भी छूटी** युवाओं का कहना है कि पहले वे नियमित रूप से सुबह दौड़ लगाने निकलते थे, लेकिन हमलों की आशंका के कारण अब यह दिनचर्या बंद करनी पड़ी है। शहरवासियों ने प्रशासन से राहत की मांग की है।

### दादू दयाल मंदिर राम तलाई आंधी में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान व संत सम्मेलन का भव्य समापन



**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राम तलाई दादू दयाल मंदिर आंधी में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ, दादू वाणी मंदिर स्थापना व संत सम्मेलन कार्यक्रम का रविवार दिनांक 15 फरवरी को भव्य रूप से समापन हुआ। श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं व कृष्ण सुदामा मित्रता प्रसंग ने श्रोताओं का मन मोह लिया।

प्रसंगों के दौरान महिलाएं भाव विभोर होकर नाचने लगी। सम्मेलन में आये संतो ने अपने प्रवचनों के माध्यम से मनुष्य को मुक्ति का मार्ग बताया ओर कहा की जिंदगी अनमोल है इसमें मनुष्य को भगवान के भजन ओर सद्कर्म करते रहना चाहिए। रामतलाई आंधी में बन रहे दादू दयाल मंदिर के लिए खंडेलवाल वैश्य समाज के भामाशाहों ने बढ़-चढ़कर सहयोग दिया।

ओर मंदिर के लिए दैनिक जीवन में उपयोग आने वाली वस्तुएं भेट की। संतो ने कहा की मनुष्य को अपने जीवन में धर्म के लिए दान करते रहना चाहिए। क्यों की धर्म की जड सदा हरि रहती है। इस अवसर पर आयोजित समापन समारोह में आयोजित भंडारे में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की ओर संत महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में खंडेलवाल वैश्य समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### महाशिवरात्रि पर्व कठूमर कस्बे में बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया

**कठूमर (हुक्मनामा समाचार)।** कठूमर कस्बे में मुख्य बाजार स्थित गणेश मंदिर, सीताराम जी के मंदिर पर महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर परिसर हर हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हो गया। शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान शिव का किया जलाभिषेक



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को सपत्नीक महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री निवास स्थित मां राजराजेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली एवं प्रगति की कामना की। शर्मा ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया तथा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा कर आरती उतारी। इस दौरान मुख्यमंत्री निवास पर नियोजित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा 'विज़न 2047- माइनिंग एंड मिनरल्स पर्सपेक्टिव' विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

# खनिज उद्योग के विकास के साथ खनन श्रमिकों की दशाओं में सुधार के लिए भी कार्य हो : हरिभाऊ बागडे

**विकसित भारत 2047 में खनिज उद्योग की रहेगी महत्वपूर्ण भूमिका**




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि खनिज उद्योग के समग्र विकास के साथ सुरक्षित खनन और पर्यावरण संरक्षण हमारी प्राथमिकता बने। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना सबका साथ सबका विकास से ही संभव है। इस आलोक में खनिज उद्योग में कार्यरत श्रमिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ उनके बीमा और अन्य सुविधाओं को ध्यान में रखकर कार्य किया जाए। उन्होंने खनन उद्योग से देश की आर्थिक समृद्धि के लिए प्रभावी रणनीतियों के तहत कार्य किए जाने का भी आह्वान किया।

बागडे रविवार को एक निजी होटल में माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राजस्थान चैप्टर द्वारा आयोजित 'विजन 2047- माइनिंग एंड मिनरल्स पर्सपेक्टिव' विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने खनिज उद्योग में पारंपरिक भारतीय प्रौद्योगिकी के साथ आधुनिक तकनीक से सुरक्षित खनन के लिए कार्य किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के किए सुनियोजित रूप में कार्य किया जा रहा है। भारत डिजिटल तकनीक क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सामाजिक सुधार और गरीबी उन्मूलन के अंतर्गत देश में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज की सुविधा केंद्र सरकार दे रहीं है। गरीबी रेखा से 25 करोड़ लोग ऊपर आ गए हैं। केंद्र सरकार जिस तरह से प्रयास कर रही है, उससे सभी क्षेत्रों में लोगों के विकास की राह बनी है। राज्यपाल ने माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा खनिज उद्योग के विकास से स्थानीय अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में गौपालन में तो बहुत काम हो रहा है परंतु पता नहीं क्यों नंदी की उपेक्षा है। उन्होंने महाशिवरात्रि पर नंदी संरक्षण के लिए भी कार्य किए जाने पर जोर दिया। राज्यपाल बागडे ने इस दौरान विशिष्टजनों को सम्मानित भी किया।

### महाशिवरात्रि पर अखिल भारतीय घोष दिवस

# पत्रिका गेट पर गूंजा राष्ट्रभक्ति का घोष



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर अखिल भारतीय घोष दिवस के तहत जयपुर महानगर के महामना मालवीय जिले द्वारा भव्य घोष वादन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मालवीय नगर सेक्टर-3 स्थित आदर्श विद्या मंदिर से हुई, जो अनुशासित संचलन के साथ जवाहर सर्किल स्थित पत्रिका गेट पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाग संचालक राममोहन गर्ग एवं बुद्धि प्रकाश का उद्बोधन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों एवं नागरिकों की उपस्थिति रही। घोष वादन की सुमधुर स्वर-लहरियों से पूरा क्षेत्र राष्ट्रभक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से गुंजायमान हो उठा। बुद्धि प्रकाश ने अपने उद्बोधन में कहा कि देशभर में अनेक स्थानों पर अखिल भारतीय घोष दिवस के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि घोष की परंपरा प्रांगणीय संगीत की वह विधा है, जो मैदान में सामूहिक रूप से प्रस्तुत की जाती है। शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुका संगठन अपने शारीरिक कार्यक्रमों के साथ संगीत साधना पर भी विशेष ध्यान देता है। महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान विश्वनाथ के डमरू की स्मृति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि संगीत और साधना भारतीय परंपरा का अभिन्न अंग हैं।

### राज्यपाल ने महाशिवरात्रि पर सबके कल्याण की कामना की

## 'शिवोऽहम्' कार्यक्रम में भगवान शिव का अभिषेक करते हुए की पूजा अर्चना



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को महाशिवरात्रि पर प्रज्ञा प्रवाह एवं युवा साथी संगठन द्वारा आयोजित 'शिवोऽहम्' कार्यक्रम में भगवान शिव को स्मरण करते हुए सभी के मंगल की प्रार्थना की। राज्यपाल बागडे ने इस दौरान भगवान शिव का अभिषेक करते हुए उनकी विधिवत पूजा अर्चना की। उन्होंने बाद में कहा कि महाशिवरात्रि भगवान शिव का पावन पर्व है। शिव कल्याण और मंगल से जुड़े हैं। उनका स्मरण ही हमें सर्व—कल्याण और शुभ के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने भगवान शिव से राष्ट्र की समृद्धि और संपन्नता के साथ सबकी खुशहाली की कामना की। राज्यपाल ने महाशिवरात्रि को भगवान शिव की साधना से जुड़ा पर्व बताते हुए कहा कि यह ध्यान, समर्पण और आंतरिक जागृति से जुड़ी हमारी संस्कृति का पावन उत्सव है। उन्होंने कहा कि शिव की अर्चना का अर्थ है, सबके कल्याण की कामना। राज्यपाल ने कार्यक्रम में शिव पूजा संग वहां आयोजित अनुष्ठान में भी भाग लिया।

## पंच परिवर्तन से सशक्त होगा समाज और सुरक्षित रहेगी संस्कृति : जसवंत खत्री




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** कनकपुरा स्थित अमन बाग में सनातन संस्कृति, सामाजिक एकता एवं हिंदू चेतना के सशक्तिकरण के उद्देश्य से विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 2000 नागरिकों की उपस्थिति रही और पूरे क्षेत्र में धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ हुआ। 9 मंदिरों से प्रातः 10:00 से 11:00 बजे तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें 735 महिलाओं ने सहभागिता कर कलश स्थापना की। पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित मातृशक्ति की शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। कनकपुरा सेवा बस्ती बंजारा बस्ती से 50 मातृशक्ति (25 कलश के साथ) एवं 50 पुरुषों की विशेष सहभागिता रही। सम्मेलन के प्रमुख वक्ता जसवंत खत्री, क्षेत्र कार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (राजस्थान) ने अपने उद्बोधन में 'पंच परिवर्तन' का संदेश देते हुए कहा कि समाज को सशक्त बनाने के लिए जीवनशैली में सुधार, संस्कारों का संरक्षण, परिवार व्यवस्था को सुदृढ़ करना, गौ संरक्षण और सांस्कृतिक मूल्यों को व्यवहार में उतारना आवश्यक है। उन्होंने नई पीढ़ी को नैतिक मूल्यों से जोड़ने और समाज को संगठित रखने का आह्वान किया।मुख्य अतिथि संत किशन महाराज (राधागोविंद मंदिर, गोविंदपुरा) ने वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों पर विचार रखते हुए समाज को जागरूक और संगठित रहने का संदेश दिया। संत गोपाल शरण महाराज (संकटमोचन हनुमान मंदिर, करतारपुरा) की उपस्थिति भी प्रेरणादायक रही। सम्मेलन में संयुक्त परिवार प्रणाली को बनाए रखने वाले परिवारों, तीन से अधिक बच्चों वाले दंपतियों तथा देशी गाय का पालन करने वाले परिवारों को सम्मानित किया गया। इसे भारतीय परंपरा, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक संरक्षण की दिशा में सकारात्मक पहल बताया गया। मरुधर डिफेंस सेकेंडरी स्कूल, रेडियंट स्कूल एवं माय छोटा स्कूल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का समापन भोजन प्रसादी के साथ हुआ।

## जयपुर में 25 फीट नीचे गिरा मजदूर, मौत:

**कलर-पेंट का कर रहा था काम**

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में 25 फीट ऊंचाई पर काम कर रहे एक मजदूर की नीचे गिरने से मौत हो गई। वह कलर-पेंट का काम कर रहा था। वह सीढ़ियों की स्टेप टूटने से फिसलकर नीचे गिर गया था। जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने SMS हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के पिता ने रविवार को ठेकेदार व मालिक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। **स्कूल में कर रहा था कलर-पेंट-** SHO (जयसिंहपुरा खोर) मुकेश कुमार ने बताया- हादसे में रामगढ़ मोड़ निवासी शहबाज (33) पुत्र मोहम्मद अहमद की मौत हो गई। वह कलर-पेंट का काम करता था। वह नाई की थड़ी स्थित एक स्कूल पर कलर-पेंट का काम कर रहा था। 12 फरवरी की दोपहर वह दूसरी मंजिल से ऊपर सीढ़ियों की दीवार पर कलर-पेंट कर रहा था। **इलाज के दौरान तोड़ा दम-** दोपहर करीब 2 बजे सीढ़ियों की स्टेप टूटने से फिसलकर वह 25 फीट नीचे जमीन पर आकर गिरा। गंभीर हालत में उसे SMS हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया।

# देवधारा कॉलोनी, मुरलीपुरा में विराट हिंदू सम्मेलन सम्पन्न

### भक्ति, समरसता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संगम




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुरलीपुरा क्षेत्र के विजयनगर अंतर्गत देवधारा बस्ती स्थित रामेश्वरधाम कॉलोनी के महेश पब्लिक स्कूल परिसर में रविवार को सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन भक्ति, उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सकल हिन्दू समाज की सहभागिता रही।

हिंदू समाज की एकता, समरसता एवं जागरूकता के उद्देश्य से आयोजित सम्मेलन में समाज की दशा और दिशा पर सार्थक चिंतन किया गया। मुख्य वक्ता पर्यावरण गतिविधि जयपुर प्रान्त के प्रमुख अशोक कुमार शर्मा ने समाज में जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्य की शुरुआत स्वयं से करनी होगी। उन्होंने कहा कि धर्म के वैज्ञानिक महत्व को समझने और समझाने की जरूरत है। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर नर्बदाशंकर , मनु महाराज, साध्वी गीतांजलि का सान्निध्य प्राप्त हुआ।

आयोजन के दौरान हनुमान चालीसा पाठ, भजन संध्या, शिव-पार्वती विवाह, महाकाल मंदिर की तर्ज पर भस्म आरती, शिव तांडव नृत्य तथा फागोत्सव जैसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विशेष आकर्षण रहे। समाज ने अपने घरों से लाए दीपकों से सामूहिक महाआरती कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर फूलों की होली का आयोजन किया गया तथा समाजसेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया गया।

### एसएमएस अस्पताल में 24 घंटे में दूसरी बार लगी आग:

## मां योजना काउंटर में शॉर्ट सर्किट से हुआ हादसा; इलेक्ट्रिकल पैनल जला

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में रविवार दोपहर 12 बजे फिर आग लग गई। गनीमत ये रही कि जहां आग वहां कोई स्टाफ या मरीज मौजूद नहीं था। आग मेडिकल इमरजेंसी के पास बने मां योजना काउंटर के पास चैंबर में लगी थी। आग लगने के कुछ देर बाद ही स्म्स के फायरफाइटर्स ने आग पर काबू पा लिया । माना जा रहा है कि यह शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी। जैसे ही कमरे में इलेक्ट्रिकल पैनल से धुआं और चिंगारियां निकलने लगीं, स्टाफ घबरा गया।उन्होंने सिक्योरिटी गार्ड और एडमिनिस्ट्रेशन को बताया। सूचना मिलने पर स्म्स फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और फायरफाइटिंग इक्विपमेंट से आग पर काबू पाया। आग कमरे के अंदर इलेक्ट्रिकल पैनल में लगी थी।

**कल ओटी में लगी थी आग-** इससे पहले शनिवार दोपहर 3 बजे धनवंती ब्लॉक में तीसरी मंजिल पर बने ऑपरेशन थिएटर में भी आग लग गई थी। यहां इस दौरान यहां प्लास्टिक सर्जन डॉक्टर सुनील श्रीवास्तव एक बच्चे की सर्जरी कर रहे थे। इस दौरान सर्जरी करते समय चल रही एक मशीन में अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई, जिससे वहां मौजूद लोग घबरा गए। इस घटना में ऑपरेशन करने रहे बच्चे के भी बर्न होने की सूचना है। घटना के बाद वहां मौजूद परिजनों ने इस पर हंगामा किया और प्रशासन को लापरवाही बरतने की शिकायत दी। इस शिकायत के बाद कार्यवाहक अधीक्षक डॉ. राशिम कटारिया ने मामले की जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया। इसमें जनरल सर्जरी की एचओडी डॉ. प्रभा ओम, सीनियर प्लास्टिक सर्जन डॉ. आर.के. जैन और हॉस्पिटल में मौजूद इलेक्ट्रिक के इंजीनीयर को शामिल किया है।

## जयपुर में बीटेक स्टूडेंट ने की आत्महत्या:जहर खाने के बाद हॉस्पिटल में मौत

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में बीटेक स्टूडेंट ने सुसाइड कर ली। जहर खाने से तबीयत खराब होने पर उसे स्म्स हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया था। ऑनलाइन सट्टा खिलाने वालों ने उसे टॉर्चर कर अवैध रूप से ढाई लाख रुपए सहित प्लॉट के डॉक्यूमेंट वसूल लिए थे। जयसिंहपुरा खोर थाने में मृतक के चाचा ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया- जयसिंहपुरा स्थित नाई की थड़ी निवासी अशोक कुमार शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया- उसके भतीजे अभिषेक उर्फ नवल शर्मा (18) ने सुसाइड किया। दो जनवरी को सुबह करीब 10 बजे घर पर अभिषेक की तबीयत खराब हो गई। चक्कर खाकर जमीन पर गिरा तो परिजनों ने उसे संभाला। स्म्स हॉस्पिटल में एडमिट करवाने पर उसी दिन दोपहर करीब 2:30 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डॉक्टर्स ने परिजनों को बताया- अभिषेक की मौत पॉइजन खाने से हुई है। मेडिकल सूचना पर हॉस्पिटल पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया था। **मोबाइल में मिले टॉर्चर के सबूत -** जयसिंहपुरा खोर थाने में मृतक अभिषेक के चाचा अशोक कुमार ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया है। चाचा अशोक कुमार ने बताया- भतीजे अभिषेक का मोबाइल देखने पर पता चला कि सागर बोहरा, मनमोहन मीणा, राजेश व राहुल राणा मोबाइल पर ऑनलाइन सट्टा लगवाते हैं। इन्होंने दबाव बनाकर अभिषेक से घर से गहने-नकदी और मकान डॉक्यूमेंट मंगवाकर हड़प लिए। भतीजे अभिषेक को जबरदस्ती झूठा ऑनलाइन सट्टा खिलवाया। रुपए देने का दबाव बनाकर डराना-धमकाना शुरू कर दिया। अभिषेक कूकस स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक फर्स्ट ईयर का स्टूडेंट था।

# मुख्य सचिव ने जयपुर मेट्रो का किया व्यापक निरीक्षण



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार वी. श्रीनिवास ने आज जयपुर मेट्रो का विस्तृत निरीक्षण किया। यह दौरा जयपुर मेट्रो की प्रगति, तकनीकी उत्कृष्टता एवं सुरक्षा मानकों की समीक्षा के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग डॉ. देबाशीष पृष्टी सहित जयपुर मेट्रो के पूर्णकालिक निदेशकगण एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य सचिव ने फेज-1डी (मानसरोवर से 200 फीट बाईपास, अजमेर रोड चौराहा) के अंतर्गत प्रगति पर चल रहे निर्माण कार्यों का गहन अवलोकन किया। उन्होंने गुणवत्ता नियंत्रण, संरचनात्मक मानकों, कार्यप्रणाली तथा अत्याधुनिक तकनीक के उपयोग की सराहना की। निरीक्षण के दौरान निदेशक (कंपनी मामलात) एवं निदेशक (परियोजना) ने परियोजना की वर्तमान स्थिति एवं तकनीकी विशेषताओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। मानसरोवर डिपो स्थित ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर एवं सिक्योरिटी कंट्रोल सेंटर के निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने मेट्रो परिचालन प्रणाली, रीयल-टाइम मॉनिटरिंग एवं सुरक्षा तंत्र की कार्यप्रणाली को समझा। मुख्य सचिव ने मानसरोवर से छोटी चौपड़ मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो यात्रा कर कुशल, सुरक्षित एवं समयबद्ध परिचालन व्यवस्था का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। छोटी चौपड़ स्टेशन स्थित कला दीर्घा में प्रदर्शित मूर्तिकला, रागमाला चित्रावली, खुदाई के दौरान प्राप्त ऐतिहासिक कुंड, गौमुख तथा अन्य पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण एवं प्रस्तुतीकरण की सराहना की।

उन्होंने स्टेशन नियंत्रक कक्ष, यात्री सुविधाओं, रखरखाव प्रणाली एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर यात्रियों को उच्च स्तरीय सुविधाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। टनल निरीक्षण के दौरान आपातकालीन परिस्थितियों के लिए निर्मित क्रॉस-पैसेज, उनकी संरचना एवं तकनीकी विशेषताओं की जानकारी भी प्रस्तुत की गई। इस संपूर्ण निरीक्षण के दौरान निदेशक (कम्पनी मामलात) महेश कुमार भुराडिया (परियोजना तथा परिचालन एवं प्रणाली) ओम प्रकाश, निदेशक (वित्त) सुनील ढाका, पुलिस उपायुक्त जयपुर मेट्रो सुशील तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। प्रेस से वार्ता में मुख्य सचिव ने जयपुर मेट्रो कार्मिको द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मेट्रो निर्माण गुलाबीनगरी की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखते हुए आधुनिक तकनीक के समन्वय के साथ किया गया है। राज्य सरकार द्वारा भारत सरकार के साथ सतत संवाद जारी है तथा मेट्रो फेज-2 की स्वीकृति शीघ्र प्राप्त होने की आशा है। उन्होंने कहा कि जयपुर मेट्रो सुरक्षित, सुगम एवं विश्वस्तरीय सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## वेलेंटाइन-डे पर जयपुर में बजरंग-दल से जुड़े युवकों का हंगामा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** वेलेंटाइन डे के मौके पर शनिवार को जयपुर में दो अलग-अलग स्थानों पर जमकर हंगामा हुआ। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में कुछ युवक खुद को बजरंग दल से जुड़ा बताते हुए पार्कों में बैठे युवक-युवतियों से पूछताछ करते और उन्हें धमकाते नजर आए। **ज्योतिबा फुले सर्किल के पास पार्क में विवाद -** शहर के ज्योतिबा फुले सर्किल के पास स्थित एक पार्क में कुछ युवक गले में बजरंग दल का पट्टा और हाथों में डंडे लेकर घूमते दिखाई दिए। वीडियो में युवक पार्क में बैठे युवक-युवतियों को टोकते और धमकाते नजर आ रहे हैं। आरोप है कि वे उनसे नाम पूछ रहे थे और दबाव बना रहे थे। इस पर मौके पर मौजूद लोगों ने विरोध किया और युवकों से पहचान पत्र दिखाने की मांग की। इसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। **स्थानीय लोगों ने बनाए वीडियो, नाम-पता पूछे-** घटना के दौरान स्थानीय लोगों ने युवकों का वीडियो बनाना शुरू कर दिया। लोगों ने उनसे नाम, पिता का नाम और पता तक पूछा और कानूनी कार्रवाई की बात कही। नाराज लोगों ने सवाल उठाया कि पार्क में बैठे युवक-युवतियों से नाम पूछने का उन्हें कोई अधिकार नहीं है। विरोध बढ़ता देख सभी युवक मौके से फरार हो गए। **सिटी पार्क से भी सामने आया दूसरा मामला-** इसी तरह सिटी पार्क जयपुर से जुड़ा एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कुछ युवक और महिलाएं, जिनके गले में बजरंग दल का पट्टा है, पार्क में बैठे लड़के-लड़कियों से नाम और आधार कार्ड पूछते नजर आ रहे हैं।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढ़ा द्वारा एफ बी-3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर-4, जयपुर से मुद्रित एवं जी 1, एफ ब्लॉक गणपति एनक्लेव अजमेर रोड जयपुर से प्रकाशित। फोन (0141) 2220403, 2220405,2220060,8824399949-59 संपादक - प्रदीप लोढ़ा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, अजमेर कार्यालय- पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर।

## सम्पादकीय...

# एमडी ड्रग की गिरफ्त में भविष्य



राजस्थान के कई हिस्सों में युवाओं के बीच तेजी से फैलता सिंथेटिक नशा आज एक गंभीर सामाजिक संकट का रूप ले चुका है। विशेष रूप से एमडीएमए जिसे आम बोलचाल में एमडी एक्स्टसी या मौली कहा जाता है, युवाओं को अपनी गिरफ्त में लेकर उनके मानसिक शारीरिक और सामाजिक जीवन को बर्बाद कर रहा है। हाल के महीनों में राजस्थान के विभिन्न जिलों में एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा पकड़ी गई एमडी की फैक्ट्रियां और करोड़ों की जब्ती यह संकेत देती है कि यह समस्या अब सीमित नहीं रही बल्कि संगठित अपराध का रूप ले चुकी है। चिंताजनक तथ्य यह है कि सूखा नशा करने वाले लगभग सत्तर प्रतिशत युवा इसी सिंथेटिक ड्रग के शिकार बताए जा रहे हैं।

एमडीएमए का पूरा नाम मिथाइलीनडाइऑक्सी मेथाम्फेटामाइन है। यह एक कृत्रिम रासायनिक पदार्थ है जो मस्तिष्क पर तीव्र प्रभाव डालता है। इसका सेवन करने से व्यक्ति को अस्थायी उत्साह ऊर्जा और आत्मविश्वास का अनुभव होता है, लेकिन इसके दुष्परिणाम बेहद खतरनाक होते हैं। यह ड्रग मस्तिष्क के रसायनों को असंतुलित कर देता है जिससे व्यवहार में आक्रामकता चिड़चिड़ापन अवसाद और हिंसक प्रवृत्ति बढ़ जाती है। लंबे समय तक सेवन करने पर लिवर किडनी और हृदय पर गंभीर असर पड़ता है। कई मामलों में अचानक मृत्यु तक की आशंका बनी रहती है। विशेषज्ञों के अनुसार यदि कोई युवा इसे दो बार भी ले ले तो उसका शरीर और मस्तिष्क इस नशे की मांग करने लगता है।

प्रदेश के सिरोही जालोर बाड़मेर और जोधपुर जैसे जिलों में पकड़ी गई अवैध फैक्ट्रियां यह दर्शाती हैं कि राज्य अब केवल उपभोक्ता नहीं बल्कि उत्पादन केंद्र के रूप में भी उभर रहा है। यह स्थिति और भी भयावह इसलिए है क्योंकि ड्रग माफिया ग्रामीण और सीमावर्ती क्षेत्रों को निशाना बना रहे हैं जहां निगरानी अपेक्षाकृत कम होती है। पड़ोसी राज्यों से कच्चा माल लाकर यहां तैयार ड्रग्स को अन्य प्रदेशों में सप्लाई किया जा रहा है। कई तस्कर पहले पारंपरिक नशे के कारोबार से जुड़े रहे हैं और जेलों में रहकर सिंथेटिक ड्रग बनाने की तकनीक सीख चुके हैं। यह संगठित अपराध युवाओं की कमजोरियों का फायदा उठाकर उन्हें अपना ग्राहक बना रहा है।

सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि इस नशे की चपेट में स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी आ रहे हैं। पारिवारिक कलह अकेलापन गलत संगत पब संस्कृति और सोशल मीडिया का प्रभाव युवाओं को प्रयोग करने के लिए उकसाता है। शुरुआत में जिज्ञासा या दोस्तों के दबाव में लिया गया नशा धीरे धीरे लत में बदल जाता है।

वैभव लोढ़ा...

## इतिहास में आज

1969 – मिर्जा गालिब की 100वीं पुण्यतिथि पर डाक टिकट जारी किया गया

1982 – कोलकाता में पहली बार जवाहरलाल नेहरू इंटरनेशनल गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया

1987 –पनडुब्बी से पनडुब्बी पर मार करने की क्षमता वाले मिसाइल को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया।

-धर्म चंद मेहता

## क्रॉस फायर

❑ मोदी ने हरक्यूलिस विमान में हाईवे पर आपात लैंडिंग कर किया उद्घाटन।

◆ पता नहीं क्या चीज कब काम में आ जाए।

❑ पाकिस्तान की यूनिवर्सिटी में गूंजा जन गण मन।

◆ इतना सुंदर राष्ट्रगान है रोकना भारी हो जाएगा।

❑ भारत के सवाल पर बांग्लादेश में तारिक रहमान बोले, बांग्लादेश के हित पहले।

◆ अब चुनाव जीत गए आंख दिखाने की बारी।

❑ महिलाएं ला रही है पुलिस सेवा में सकारात्मक बदलाव।

◆ बिना सेवा शुल्क कुछ काम नहीं करना है।

❑ 550 अरब का हो गया है दुनिया में नींद का बाजार।

◆ फिर भी लोगों की नींद उड़ी हुई है।

❑ राजस्थान में नशे का नेटवर्क बेकाबू, गांव ढाणियों तक फैला जाल।

◆ बर्बाद करने वालों के परिवार भी बर्बाद होंगे।

❑ कोटा में जांच में बिल्डिंग ढहने का कारण कमजोर नींव व घटिया निर्माण सामग्री बताया गया।

◆ फिर तो बिल्डिंग ढहनी ही है।

❑ राज्य की गैर सरकारी स्कूलों का होगा भौतिक सत्यापन।

◆ सरकारी से कम गड़बड़ी होगी।

..............अंजू लोढ़ा

## आज का राशिफल

### सोमवार 16 फरवरी 2026

**मेष राशि:** आज विचारों को गतिशीलता से दुविधा का अहसास हो सकता है। कोई एक निर्णय पर नहीं आ सकेंगे। आज का दिन आपके लिए नौकरी और धंधे के क्षेत्र में चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

**वृषभ राशि:** आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। आज आपका दुविधापूर्ण व्यवहार आपको मुश्किल में डाल सकता है। स्नेहीजनों के साथ मतभेद की आशंका है।

**मिथुन राशि:** तन मन की ताजगी के साथ आज की शुरुआत होगी। दोस्तों और परिवार के साथ मनपसंद खाना खाने का अवसर मिल सकता है। अच्छे कपड़े पहनकर बाहर जाने का प्रसंग खड़ा होगा। आर्थिक लाभ मिलने के योग हैं।

**कर्क राशि:** आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। आज ज्यादा खर्च का दिन है। परिवार का वातावरण ज्यादा अच्छा नहीं रहेगा। मतभेद के प्रसंग खड़े हो सकते हैं।

**सिंह राशि:** आज का दिन आलस्य तथा थकान में बीत सकता है। क्रोध और वाणी पर संयम रखें, अन्यथा हानि हो सकती है। विचारों में आपका मन अटका हुआ रहेगा।

**कन्या राशि:** व्यापारी वर्ग और नौकरीपेशा दोनों के लिए आज का दिन लाभदायी निकलेगा ऐसा गणेशजी कहते हैं। उच्च अधिकारियों की कृपा दृष्टि से प्रमोशन की संभावना दिखाई देगी।

**तुला राशि:** आज नौकरी में उच्च वर्ग के अधिकारियों की नाराजगी सहन करनी पड़ सकती है। व्यवसाय में परेशानी हो सकती है। संतान के भविष्य को लेकर चिंता हो सकती है।


**वृश्चिक राशि:** अनैतिक कार्यों से दूर रहें। नए संबंध बनाने से पहले सोचें। धन खर्च ज्यादा होने से आर्थिक परेशानी का अनुभव कर सकते हैं। आपका काम समय से पूरा नहीं होगा। खाने-पीने में ध्यान रखें।

**धनु राशि:** आज बौद्धिक तार्किक विचार विनिमय के लिए समय बहुत अच्छा है। समाज में सम्मान मिलेगा। मित्रों के साथ मुलाकात होगी। उनके साथ घूमना फिरना होगा।

**मकर राशि:** आज आपको व्यापार धंधे में सफलता मिलेगी, परंतु कानून में न फंसें, उसका ध्यान रखें। व्यापार धंधे के लिए भावी योजना सफलतापूर्वक संपन्न होंगी।

**कुम्भ राशि:** आज आप बौद्धिक शक्ति से लेखनकार्य और सृजन कार्य अच्छी तरह से पूरे कर सकेंगे। आपके विचार किसी एक बात पर स्थिर नहीं रहेंगे और उसमें लगातार परिवर्तन होता रहेगा।

**मीन राशि:** आज मकान, वाहन, वगैरह के दस्तावेजों को अत्यंत संभालकर रखना होगा। परिवार का माहौल बिगड़े न, इसके लिए वाद-विवाद टालें। माता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। धन की हानि हो सकती है।



राजेन्द्र गुप्ता
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# भविष्य के जलवायु समझौतों के लिए मार्गदर्शक दस्तावेज: क्योटो प्रोटोकॉल



सुनील कुमार महला

पर्यावरणीय दृष्टि से 16 फरवरी का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि 16 फरवरी 2005 को क्योटो प्रोटोकॉल आधिकारिक रूप से लागू हुआ था, जो जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विश्व का पहला कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतरराष्ट्रीय समझौता था। इसे 1997 में जापान के क्योटो शहर में अपनाया गया था और यह संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन रूपरेखा अभिसमय (यूएनएफसीसीसी) के अंतर्गत बनाया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य औद्योगिक (विकसित) देशों द्वारा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को 1990 के स्तर की तुलना में कम करना था, ताकि वैश्विक तापमान वृद्धि को नियंत्रित किया जा सके। वास्तव में आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से प्रभावित है, जिसका प्रमुख कारण बढ़ती जनसंख्या, अंधाधुंध औद्योगिकीकरण, तेज शहरीकरण, विकास कार्यों के नाम पर पेड़ों की कटाई, जीवाश्म ईंधनों (कोयला, पेट्रोलियम, गैस) का अत्यधिक उपयोग, परिवहन, कृषि गतिविधियाँ और प्रदूषण हैं, जिनसे वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा तेजी से बढ़ रही है। ग्रीनहाउस गैसों जैसे कि कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, जलवाष्प तथा फ्लोरीनयुक्त गैसें आदि वायुमंडल में सूर्य की ऊष्मा को रोककर पृथ्वी का तापमान बढ़ाती हैं, जिसे ग्रीनहाउस प्रभाव कहा जाता है। नवीनतम आँकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 में वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन लगभग 57.7 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड समतुल्य तक पहुँच गया, जो अब तक का सबसे अधिक स्तर है और पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 2.3% अधिक है; इस अवधि में उत्सर्जन वृद्धि में भारत का योगदान सबसे अधिक रहा, हालांकि प्रति व्यक्ति उत्सर्जन अभी भी वैश्विक औसत से कम है। पाठकों को बताता चलूं कि भारत में लगभग 3 टन प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष, जबकि वैश्विक औसत लगभग 6.4 टन है।

कुल उत्सर्जन के मामले में भारत लगभग 4 गीगाटन वार्षिक उत्सर्जन के साथ विश्व का तीसरा सबसे बड़ा उत्सर्जक है, लेकिन ऐतिहासिक योगदान विकसित देशों से कम है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार 2024 में वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की सांद्रता लगभग 423-425 पीपीएम तक पहुँच गई, जो औद्योगिक क्रांति से पहले की तुलना में लगभग 50% अधिक है और जलवायु जोखिम को बढ़ा रही है। क्योटो प्रोटोकॉल की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता 'साझा लेकिन भिन्न जिम्मेदारी' का सिद्धांत था, जिसके अनुसार ऐतिहासिक रूप से अधिक प्रदूषण करने वाले विकसित देशों पर अधिक दायित्व डाला गया, जबकि भारत और चीन जैसे विकासशील देशों को शुरुआती चरण में अनिवार्य उत्सर्जन कटौती से छूट दी गई। इस समझौते के अंतर्गत उत्सर्जन व्यापार, क्लीन डेवलपमेंट मैकेनिज्म (सीडीएम) और संयुक्त कार्यान्वयन जैसे नवाचारपूर्ण तंत्र बनाए गए, जिन्हें फ्लेक्सिबल मैकेनिज्म कहा गया और इन्हीं के माध्यम से कार्बन ट्रेडिंग की अवधारणा विकसित हुई, जिससे विकसित देश अन्य देशों में हरित परियोजनाओं या स्वच्छ तकनीक में निवेश करके कार्बन क्रेडिट खरीद सकते थे। भारत ने सीडीएम के तहत बड़ी संख्या में परियोजनाएँ विकसित कीं, जिससे तकनीकी आधुनिकीकरण, विदेशी निवेश और 'सर्टिफाइड एमिशन रिडक्शन' (सीईआर) क्रेडिट के रूप में आर्थिक लाभ मिला तथा भारत वैश्विक कार्बन बाजार का महत्वपूर्ण भागीदार बना। हालांकि, संयुक्त राज्य अमेरिका ने इस समझौते पर हस्ताक्षर तो किए थे, लेकिन इसे अपनी संसद से अनुमोदित नहीं कराया, जिससे इसकी प्रभावशीलता पर प्रश्न उठे, फिर भी इसकी एक बड़ी उपलब्धि यह रही कि इसने उत्सर्जन की निगरानी, रिपोर्टिंग और सत्यापन की सख्त वैश्विक प्रणाली विकसित की, जो आज भी अंतरराष्ट्रीय जलवायु व्यवस्था की आधारशिला मानी जाती है।

आगे चलकर वैश्विक जलवायु प्रयासों को अधिक व्यापक बनाने के लिए 2015 में पेरिस समझौता अस्तित्व में आया, जिसमें लगभग सभी देशों को जलवायु कार्रवाई के साझा लक्ष्य में शामिल किया गया; संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की रिपोर्टों के अनुसार वर्ष 2023-2024 में वैश्विक उत्सर्जन रिकॉर्ड स्तर के आसपास है और वर्तमान नीतियों के साथ 1.5एष्ट तापवृद्धि लक्ष्य हासिल करना कठिन दिखाई देता है। भारत ने वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में महत्वपूर्ण लक्ष्य घोषित किए हैं। वर्ष 2030 तक 2005 के स्तर की तुलना में उत्सर्जन तीव्रता में 45% कमी, 50% बिजली क्षमता गैर-जीवाश्म स्रोतों से प्राप्त करना और 2070 तक नेट-जीरो हासिल करना और वर्ष 2025 तक भारत 50% से अधिक स्थापित बिजली क्षमता गैर-जीवाश्म स्रोतों से प्राप्त कर चुका है, जो उसकी प्रगति को दर्शाता है।

वैश्विक स्तर पर क्योटो प्रोटोकॉल का सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा, लेकिन इसकी सबसे बड़ी सफलता यह रही कि इसने दुनिया को सामूहिक पर्यावरणीय कार्रवाई की दिशा दिखाई, 'प्रदूषक भुगतान करे' सिद्धांत को व्यवहार में लागू किया और भविष्य की जलवायु नीतियों की मजबूत नींव रखी; सरल शब्दों में कहें तो आज जब दुनिया नेट-जीरो की बात करती है, तो उसकी जड़ें कहीं न कहीं क्योटो की उसी ऐतिहासिक पहल में निहित हैं।

अंत में यही कहूंगा कि आज के संदर्भ में क्योटो प्रोटोकॉल ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि इसने पहली बार विकसित देशों पर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन घटाने के कानूनी लक्ष्य तय किए ।हालांकि, अब वैश्विक जलवायु नीति का केंद्र पेरिस समझौता बन चुका है, फिर भी क्योटो प्रोटोकॉल ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग की नींव रखी ।इस समझौते के कारण कार्बन बाजार, क्लीन डेवलपमेंट मैकेनिज्म (सीडीएम) जैसे तंत्र विकसित हुए, जिनसे विकासशील देशों को भी लाभ मिला।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

# जब सुप्रीम कोर्ट में एक युवा ने खुद लड़ी अपनी लड़ाई

**महेन्द्र तिवारी**

जबलपुर की साधारण गलियों से निकलकर देश के सर्वोच्च न्यायालय तक पहुँचने वाली अर्थव चतुर्वेदी की यात्रा केवल एक छात्र की व्यक्तिगत सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस जिद, आत्मविश्वास और धैर्य का उदाहरण है जो विपरीत परिस्थितियों में भी रास्ता बना लेता है। यह कथा हमें बताती है कि सपनों की राह में आर्थिक सीमाएँ, प्रशासनिक बाधाएँ और संसाधनों की कमी दीवार बनकर खड़ी जरूर होती हैं, परंतु दृढ़ निश्चय उन्हें पार कर सकता है। अर्थव चतुर्वेदी का जीवन इसी सत्य का प्रमाण है। एक मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे इस युवक के सामने भी वही चुनौतियाँ थीं जो देश के लाखों विद्यार्थियों के सामने होती हैं—सीमित साधन, अनिश्चित अवसर और भविष्य को लेकर संघर्ष। फिर भी उन्होंने जो राह चुनी, वह असाधारण थी।

अर्थव बचपन से ही पढ़ाई में तेज और जिज्ञासु प्रवृत्ति के थे। उनके पिता एक साधारण नौकरीपेशा व्यक्ति थे और परिवार की आय सीमित थी, लेकिन घर का वातावरण शिक्षा और अनुशासन से भरा हुआ था। माता ने उन्हें परिश्रम और धैर्य का मूल्य सिखाया, जबकि पिता ने आत्मनिर्भरता का महत्व समझाया। स्कूली जीवन में वे पढ़ाई के साथ सामान्य बच्चों की तरह खेल-कूद और मनोरंजन में भी रुचि रखते थे, परंतु परीक्षा के समय उनका समर्पण साफ दिखाई देता था। दसवीं में उत्कृष्ट अंक लाने के बाद उन्होंने विज्ञान को अपना रास्ता चुना। उनके सामने इंजीनियरिंग और चिकित्सा दोनों विकल्प थे, और दोनों में सफलता के बावजूद उनका मन चिकित्सा की ओर खिंचता चला गया। डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करने का सपना उनके भीतर गहराई से बस गया था। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में उन्होंने ऐसे अंक प्राप्त किए जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अंतर्गत मेडिकल सीट पाने के लिए पर्याप्त थे। यहीं से संघर्ष का वह अध्याय शुरू हुआ जिसने उनकी कहानी को असाधारण बना दिया। प्रशासनिक देरी और नीतिगत विसंगतियों के कारण उन्हें वह अवसर नहीं मिल सका जिसके वे अधिकारी थे। परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि निजी कॉलेज की महँगी फीस वहन की जा सके। इस स्थिति में अधिकांश छात्र निराश होकर समझौता कर लेते, लेकिन अर्थव ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने तय किया कि वे अपने अधिकार के लिए लड़ेंगे और न्याय की राह चुनेंगे। यह निर्णय जोखिम भरा था, क्योंकि उनके पास कानूनी शिक्षा नहीं थी और वकील रखने के लिए पैसे भी नहीं थे, फिर भी उन्होंने स्वयं याचिका तैयार करने का साहस दिखाया।

उन्होंने इंटरनेट और पुस्तकों की सहायता से कानून और संविधान के प्रावधानों का अध्ययन शुरू किया। अनुच्छेदों, नियमों और पूर्व निर्णयों को समझते हुए उन्होंने अपने तर्कों को व्यवस्थित किया। याचिका तैयार करना, दस्तावेज जुटाना और प्रस्तुतिकरण बनाना—यह सब उन्होंने स्वयं किया। यह प्रक्रिया केवल कानूनी तैयारी नहीं थी, बल्कि आत्मविश्वास की परीक्षा भी थी। अदालत में स्वयं खड़े होकर अपनी बात रखना किसी अनुभवी व्यक्ति के लिए भी आसान नहीं होता, लेकिन उन्होंने इसे अपने लक्ष्य की दिशा में आवश्यक कदम माना। जब मामला न्यायालय में पहुँचा तो उनकी सादगी और स्पष्टता ने सबका ध्यान खींचा। उनके शब्दों में कोई दिखावा नहीं था, केवल तर्क और विश्वास था।

अदालत के समक्ष प्रस्तुत होते समय उन्होंने जिस विनम्रता और संयम का परिचय दिया, वह उनकी परिपक्वता को दर्शाता है। सीमित समय में उन्होंने अपने पक्ष को तथ्य और उदाहरणों के साथ रखा और यह स्पष्ट किया कि प्रशासनिक देरी के कारण उनका मौलिक अधिकार प्रभावित हुआ है। उनके तर्कों में भावनात्मक अपील कम और तर्कसंगतता अधिक थी, जिसने न्यायालय को प्रभावित किया।

अंततः न्यायालय ने उनके पक्ष में निर्णय दिया और उन्हें वह अवसर मिला जिसकी वे लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे थे। यह निर्णय केवल एक छात्र की सफलता नहीं था, बल्कि यह उन अनेक विद्यार्थियों के लिए आशा का संदेश था जो समान परिस्थितियों से गुजरते हैं ।इस पूरी घटना ने समाज में कई प्रश्न भी उठाए। शिक्षा व्यवस्था में नीतियों के क्रियान्वयन की खामियाँ उजागर हुईं और यह स्पष्ट हुआ कि आरक्षण और अवसरों से जुड़ी योजनाएँ तभी सार्थक होती हैं जब उनका सही और समय पर पालन हो। अर्थव की जीत ने यह भी दिखाया कि कानूनी जागरूकता कितनी महत्वपूर्ण है। यदि नागरिक अपने अधिकारों और प्रक्रियाओं को समझें, तो वे अन्याय के विरुद्ध आवाज उठा सकते हैं। यह कथा हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि शिक्षा केवल परीक्षा पास करने का माध्यम नहीं, बल्कि जागरूक नागरिक बनने का आधार भी है। अर्थव की सफलता में उनके परिवार और शिक्षकों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं थी। संसाधनों की कमी के बावजूद परिवार ने उनका मनोबल बनाए रखा और शिक्षकों ने उन्हें स्वावलंबी बनने की प्रेरणा दी। यह सामूहिक समर्थन ही था जिसने उन्हें कठिन समय में टूटने नहीं दिया।

उनकी कहानी इस तथ्य को रेखांकित करती है कि एक व्यक्ति की सफलता अक्सर कई लोगों के विश्वास और सहयोग का परिणाम होती है। यह केवल व्यक्तिगत परिश्रम की कथा नहीं, बल्कि सामाजिक सहयोग का भी उदाहरण है ।आज जब वे चिकित्सा शिक्षा की राह पर आगे बढ़ रहे हैं, तो उनका लक्ष्य केवल व्यक्तिगत उपलब्धि तक सीमित नहीं है। वे समाज को कुछ लौटाने की इच्छा रखते हैं, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहाँ स्वास्थ्य सुविधाएँ कम उपलब्ध हैं। उनके अनुभव ने उन्हें संवेदनशील बनाया है और वे जानते हैं कि संघर्ष की पीड़ा क्या होती है।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

# राष्ट्र निर्माण का संकल्प परम्परा से प्रेरणा और भविष्य की दिशा

***कांतिलाल मांडोत***

राष्ट्र केवल भू-भाग का नाम नहीं होता और न ही वह मात्र शासन-व्यवस्था से परिभाषित होता है। राष्ट्र व्यक्ति, संस्कृति, इतिहास, मूल्यों और साझा आकांक्षाओं की जीवंत अभिव्यक्ति है। भारत जैसे प्राचीन देश के लिए राष्ट्र की संकल्पना और भी व्यापक है, क्योंकि यहाँ राज्य से पहले सभ्यता थी, संविधान से पहले संस्कृति थी और सत्ता से पहले समाज था। आज जब हम राष्ट्र-निर्माण की बात करते हैं तो हमें अपने अतीत की उन जड़ों की ओर लौटना आवश्यक हो जाता है, जहाँ से हमारी राष्ट्रीय चेतना ने आकार लिया। स्वाधीनता प्राप्ति का इतिहास हमें यह सिखाता है कि राष्ट्र का निर्माण त्याग, तप और अनुशासन से होता है। महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के माध्यम से जन-शक्ति को संगठित किया। सुभाष चन्द्र बोस ने अदम्य साहस और संघर्ष की भावना जगाई। जवाहरलाल नेहरू ने आधुनिक भारत के निर्माण का स्वप्न देखा और सरदार वल्लभभाई पटेल ने बिखरी रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर राजनीतिक एकता स्थापित की। इन नेताओं के लिए सत्ता साध्य नहीं बल्कि साधन थी। उनका उद्देश्य व्यक्तिगत प्रतिष्ठा नहीं बल्कि राष्ट्रीय पुनर्निर्माण था। यही कारण है कि स्वतंत्रता के बाद भी राष्ट्र-निर्माण का कार्य एक सतत प्रक्रिया के रूप में चलता रहा।

किन्तु समय के साथ परिस्थितियाँ बदलीं। लोकतंत्र की स्थापना के बाद संविधान ने हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराया। परन्तु आज का परिदृश्य कई प्रश्न खड़े करता है। जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्रीयता के आधार पर समाज का विखंडन राष्ट्रीय एकता के लिए चुनौती बन रहा है। राजनीति में वैचारिक प्रतिबद्धता की जगह अवसरवादिता बढ़ी है। सत्ता-प्राप्ति के लिए नैतिक मूल्यों से समझौते की प्रवृत्ति देखी जा सकती है। यह स्थिति उस आदर्शवाद से भिन्न है जो स्वतंत्रता आंदोलन के समय दिखाई देता था। आज राष्ट्र-निर्माण का अर्थ केवल आर्थिक विकास नहीं रह गया है। भौतिक प्रगति आवश्यक है, किन्तु उसके साथ नैतिक और सांस्कृतिक विकास भी उतना ही अनिवार्य है। यदि विकास के साथ चरित्र का निर्माण नहीं होगा तो समाज में असंतुलन उत्पन्न होगा। आधुनिक शिक्षा ने ज्ञान के नए आयाम खोले हैं, परन्तु यदि उसमें संस्कारों का समावेश न हो तो वह अधूरी रह जाती है।

# अनिंद्रा ने सेहत और इकोनॉमी को पहुँचाया भारी नुक्सान



बाल मुकुन्द ओझा

फिटबिट वैश्विक की एक ताज़ा स्टडी रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर की 16 प्रतिशत आबादी अनिंद्रा की शिकार है। इनमें हमारे देश की 59 प्रतिशत आबादी भी शामिल है जो 6 घंटे की सुखपूर्वक नींद से जूझ रही है। भारत दुनिया के सबसे कम सोने वाले लोगों में शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार अनिंद्रा की महामारी लगातार अपने पैर पसार रही है जो मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए तो नुकसानदेय तो है ही अपितु देश और दुनिया की अर्थव्यवस्था को भी बिगाड़ रही है। इससे अमेरिका की 411 और भारत की 150 डालर इकोनॉमी को हानि पहुँच रही है। इसका एक बड़ा कारण स्मार्टफोन और वर्क लाइफ असंतुलन को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। वैश्विक मेडिकल पत्रिका लेसेंट ने भी अनिंद्रा से दुनिया को चेताया है।

नींद की कमी धीरे-धीरे एक साइलेंट हेल्थ क्राइसिस बन चुकी है। पहले नींद को आराम या आदत माना जाता था, लेकिन अब शोध यह दिखाते हैं कि कम नींद का सीधा असर दिमाग, दिल, इम्यून सिस्टम और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। अमेरिका के सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल (सीडीसी) ने इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य की उभरती हुई समस्या बताया है। उनकी रिपोर्ट के अनुसार लगभग हर तीन में से एक वयस्क रोजाना पर्याप्त नींद नहीं ले पा रहा। भारत में किए गए एक बड़े सर्वे में पाया गया कि युवा वर्ग में यह समस्या सबसे अधिक बढ़ी है, जहां रात देर तक फोन का इस्तेमाल, ओवरवर्क, तनाव और अनियमित दिनचर्या नींद का सबसे बड़ा दुश्मन बन चुके हैं। आजकल की खराब लाइफ स्टाइल, वर्क फ्रॉम होम, स्क्रीन से चिपटे रहने और काम के बढ़ते दबाव के कारण लोगों की दिनचर्या पूरी तरह बदल चुकी है। बदलते वर्किंग स्टाइल के कारण लोगों के पास पर्याप्त नींद लेने का समय भी नहीं बचता है। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल की रिसर्च बताती है कि जो लोग 5 घंटे से कम सोते हैं, उनमें हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा 30-40 फीसदी बढ़ जाता है। नींद की कमी शरीर में सूजन बढ़ा देती है, जिससे ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल गड़बड़ा सकते हैं। कई डॉक्टर बताते हैं कि नींद की कमी मोटापे को भी बढ़ाती है, क्योंकि देर से सोने पर भूख बढ़ाने वाला हार्मोन 'घ्रेलिन' बढ़ जाता है और शरीर को गलती से कैलोरी की जरूरत महसूस होने लगती है। यही कारण है कि कम सोने वाले लोग रात में जंक फूड ज्यादा खाते हैं।

भारत में नींद की कमी एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। एक ऑनलाइन वैश्विक सर्वे की माने तो देश पर्याप्त नींद नहीं लेने के कारण स्वास्थ्य सम्बन्धी विकारों से जूझ रहा है। देश के लगभग 60 प्रतिशत लोग छह घंटे की नींद नहीं लेने के कारण विभिन्न बीमारियों की चपेट में आ रहे है। इनमें बड़ी संख्या में युवा भी शामिल है। नींद का असर न केवल शारीरिक स्वास्थ्य पर बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। जहाँ तक युवा भारत की बात है, आजकल युवाओं में तनाव की समस्या को लेकर देशवासी बेहद चिंतित है। तनाव की वजह से कम उम्र में ही युवा डिप्रेशन के शिकार होने लगे हैं। खासतौर से काम करने वाले युवा यानि को नौकरी कर रहे हैं उनके अंदर ठहराव, लगन और काम के लिए पैशन बहुत कम है। जरा-जरा सी बातों पर स्ट्रेस लेने लगते हैं।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

## पार्थिक शिवलिंग की पूजा की शिव विवाह की संजीव झांकी सजी

# शिव विवाह तप, प्रेम, त्याग व आध्यात्मिक एकता का अद्भुत संगम:शचि केसर

**टोंक ( हुक्मनामा समाचार )।** मंशापूर्ण भूतेश्वर महादेव मन्दिर टोंक में महाशिवरात्रि के उपलक्ष में चल रही महाशिवपुराण के रविवार को कथा वाचक उज्जैन की लाडली शचि केसर ने शिव विवाह प्रसंग का महत्व सुनाते हुए कहा कि पार्वती से पहले, शिव का विवाह राजा दक्ष की पुत्री देवी सती से हुआ था । सती शिव के प्रति अत्यधिक समर्पित थी, लेकिन उनके पिता ने उनके मिलन को अस्वीकार कर दिया। शिव का अपमान करने के लिए, दक्ष ने एक भव्य यज्ञ का आयोजन किया तथा जानबूझकर शिव को बाहर कर दिया। उन्होंने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान शिव तथा माता पार्वती के दिव्य विवाह की पावन कथा सुनाते हुए कहा कि यह कथा केवल विवाह नहीं, बल्कि तप, प्रेम, त्याग एवं आध्यात्मिक एकता का अद्भुत संगम है। शिव–पार्वती विवाह कथा सुनने से वैवाहिक जीवन में प्रेम एवं मधुरता आती है। मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं तथा जीवन के कष्ट एवं बाधाएँ दूर होती हैं, शिव–कृपा सदैव बनी रहती है। इस कथा में आपको शिव भक्ति का दिव्य रस, रूह को छू लेने वाला भक्ति भाव, महाशिवरात्रि का पूर्ण आध्यात्मिक अनुभव मिलेगा। महाशिवरात्रि के पावन दिन इस कथा को अवश्य सुनने से भोलेनाथ की कृपा प्राप्त होती हैं। महाशिवरात्रि के मौके पर कथा पांडाल में पार्थिक शिवलिंग बनाकर महिला पुरुषों ने भगवान शिव की पूजा की। इस अवसर पर संगीतमय भक्तों श्रद्धालुओं ने खुब आनन्द लिया और शिव विवाह की झांकी संजीव झांकी सजाई गई, भजनों के बीच श्रद्धालुओं ने शिव विवाह का नाचते हुए आनंद लिया। इस मौके पर सुबह से ही मन्दिर में श्रद्धालुओं की पूजा–अर्चना करने के लिए भीड़ लगी रही तथा समिति के कार्यकर्ताओं ने करीब 300 किलों प्रसादी का श्रद्धालुओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष महेन्द्र बंसल, प्रकाश सर्राफ, मिथलेश गर्ग, गोपाल जडिया, बाबूलाल जांगिड़, मोहन सोनी, किशन विजय, शिवदयाल, रवि शर्मा, रामवतार धाभाई, शंकर विजय एवं राजेश आदि महिला–मौजूद थे।



## न्यूज ब्रीफ

### विधायक ने किया 45 लाख रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण

**डीग ( हुक्मनामा समाचार )।** 15 फ रवरी। डीग.कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम उसरानी में रविवार को विधायक डॉ शैलेश सिंह ने पंचायत राज विभाग की एसएफ सी निधि से स्वीकृत 45 लाख रुपये की लागत से पूर्ण हुए विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक डॉ सिंह ने राजकीय उ%च माध्यमिक विद्यालय उसरानी में निर्मित सुरक्षा दीवार कूप घाट निर्माण कार्य मंदिर वाली पोखर पर सुरक्षा दीवार निर्माण शमशान विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य सहित ग्राम में स्वीकृत अन्य महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। इसके अतिरिक्त भंवरसिंह के खेत में साफ सफाई कार्य खुरकुटा वाली कुईया बरताई हमीदिया थोक बरताई एवं रोहनसिंह वाला कुआं उसरानी में कूप घाट निर्माण एवं साफ सफ ई कार्यों का भी लोकार्पण किया गया।विधायक डॉ शैलेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण विकास ही प्रदेश के समग्र विकास की आधारशिला है। हमारी प्राथमिकता शिक्षा स्व%छता आधारभूत संरचना और जनसुविधाओं को सुदृढ़ करना है ताकि ग्रामीण क्षेत्र भी विकास की मुख्यधारा से पूर्ण रूप से जुड़ सकें। उन्होंने ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि डीग.कुम्हेर विधानसभा में विकास कार्यों की निरंतरता बनी रहेगी और जनहित सर्वोपरि रहेगा।कार्यक्रम के दौरान प्रधान देवी सिंह पिंटू एवं वीरेंद्र सिंह ने विधायक का चांदी का मुकुट एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। साथ ही उसरानी सरपंच प्रतिनिधि बाबूलाल जाटव पिचूमर सरपंच बीरबल जाटव डहरा सरपंच सोहनलाल जाटव तथा रुंध हेलक सरपंच प्रतिनिधि हीरालाल जाटव ने भी साफा पहनाकर विधायक का सम्मान किया। इस अवसर पर भाजपा कुम्हेर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत थैरावर सरपंच हरेंद्र सिंह रामवीर सिंह दुर्गसिंह पवन धर्मपाल साबौरा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## डॉ अम्बेडकर जन्मोत्सव समारोह को लेकर बैठक आयोजित

**भरतपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** भारतीय संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 135वां जन्मोत्सव समारोह तीन दिवसीय कार्यक्रम को लेकर पटपरा मौहगा स्थित सविधान पार्क में बैठक आयोजित की गई। बैठक में 12 से 14 अप्रेल तक विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। समारोह का मुख्य कार्यक्रम 14 अप्रेल को डॉ. भीमराव अम्बेडकर संविधान पार्क में कलैक्ट्रेट के समक्ष पटपरा मौहगा पर होगा। इसी दिन दोपहर 2 बजे डॉ. भीमराव अम्बेडकर की शोभायात्रा मुख्य बाजारों से होती हुई अम्बेडकर संविधान पार्क पटपरा मौहगा पर पहुँचेगी। इस अवसर पर भगवान सिंह, जगन सिंह नदवई, मनोज, गोविन्द सिंह रारह, शिवराम रूपवास, जगदीश नीरज बयाना, राजेन्द्र सिंह पिप्पल, मोनू पिप्पल, जगदीश पिप्पल, शैलेन्द्र, भानु प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 16 व 18 को भरतपुर 15 फरवरी। लोहागढ़ विकास परिषद् एवं भरतपुर जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में 13 फरवरी से आरम्भ हुए सात दिवसीय भरतपुर स्थापना दिवस समारोह की शृंखला में 16 फ रवरी सोमवार को राजकीय संग्रहालय में प्रात: 10 बजे से शिक्षाविद् डॉ दाऊ दयाल गुप्ता स्मृति चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन राजकुमार गुप्ता के सौजन्य से आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के संयोजक साहित्यकार नरेन्द्र निर्मल ने बताया कि डॉ दाऊदयाल गुप्ता स्मृति चित्रकला प्रतियोगिता की थीम भरतपुर के ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल तथा महिला अधिकारिता विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता की थीम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रहेगी। उन्होंने बताया कि ये प्रतियोगिता दो वर्ग जूनियर एवं सीनियर वर्ग में होगी। जूनियर वर्ग में कक्षा एक से लेकर कक्षा ग्यारह तक पढ़ने वाले छात्र. छात्राएँ तथा सीनियर वर्ग में कक्षा बारह एवं महाविद्यालयी छात्र.छात्राएँ भाग ले सकेंगे। दोनों वर्ग के छात्र.छात्राएँ इन दोनों प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। ड्राइंग शीट आयोजकों द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। लोहागढ़ विकास परिषद् से जुड़े हुए भाषण प्रतियोगिता के संयोजक प्रोफेसर डॉ अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि 18 फरवरी बुधवार को किला स्थित टाउन हॉल में प्रात: 10 बजे से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मास्टर आदित्येंद्र स्मृति भाषण प्रतियोगिता का आयोजन जिला व्यापार महासंघ के अध्यक्ष संजीव गुप्ता के सौजन्य से मोबाइल की लत के दुष्प्रभाव कारण और निवारण विषय पर किया जाएगा।

इस भाषण प्रतियोगिता में विद्यालयी एवं महाविद्यालयी छात्र.छात्राएँ भाग ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता के प्रतिभागियों का पंजीयन प्रतियोगिता स्थल पर ही प्रतियोगिता समय से एक घंटे पूर्व किया जाएगा। समस्त प्रतिभागी उक्त दिवसों में प्रात: 09 बजे प्रतियोगिता स्थल पर पहुँचना सुनिश्चित करें और %यादा से %यादा सहभागिता निभाएँ। इन दोनों प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार राशि प्रतीक चिह्न एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

### डॉ गर्ग ने माता गंगा मन्दिर पर की विशेष पूजा:अर्चना



**भरतपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** विधायक डॉ सुभाष गर्ग महाशिवरात्रि पर्व पर महारानी गंगा माता मन्दिर पर आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव कार्यक्रम में भाग लेकर महारानी श्री गंगा माता एवं गंगाजल कलश का पूजन कर क्षेत्र व प्रदेश में खुशहाली व सुख–समृद्धि की कामना की। डॉ गर्ग ने रविवार को भरतपुर का दौरा कर विभिन्न सामाजिक एवं वैवाहिक कार्यक्रमों में भी शिरकत की और लोगों के दु:ख.सुख में भागीदारी निभाई। इस दौरान डॉ गर्ग ने गंगाजी मन्दिर पर विशेष पूजा.अर्चना की और गंगा मन्दिर क्षेत्र के व्यापारियों से भेंट की। इस मौके के व्यापारियों ने डॉ गर्ग का माला साफा पहनाकर स्वागत किया। डॉ गर्ग के भरतपुर आगमन पर बघेल समाज के लोगों ने भी रणजीत नगर कार्यालय पर साफा माला पहनाकर स्वागत किया।

## महाशिवरात्रि पर फूलों से बने 10 फीट ऊंचे शिवलिंग ने मोहा मन फ्लावर शो में उमड़ा जनसैलाब

**भरतपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** भरतपुर स्थापना के 293वें दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं लोहागढ़ विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हरित बृज सोसायटी द्वारा विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में लगाए गए फ्लावर शो में रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर हजारों की संख्या में दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। सोसायटी द्वारा दस फीट ऊंचे फूलों से निर्मित आकर्षक शिवलिंग ने सभी का मन मोह लिया। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग के दर्शन कर जय भोले के जयकारों से पूरे पार्क को भक्तिमय वातावरण में गुंजायमान कर दिया। सोसायटी के अध्यक्ष डॉ अशोक पाराशर उपाध्यक्ष सुनीता पांडे सचिव सतेन्द्र यादव एवं संयोजक विकास मित्तल ने मुख्य अतिथियो संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया माधुरी भारद्वाज अपनाघर डॉ धीरेन्द्र गोधारा एवं बृजेश चतुर्वेदी एडवोकेट का स्वागत कर फ्लावर शो की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। प्रतियोगिताओं की जानकारी देते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ संगीता चतुर्वेदी ने बताया कि ट्रे गार्डेनिंग प्रतियोगिता में एकता अग्रवाल ने प्रथम सीमा सिंघल ने द्वितीय तथा सुनीता सिंघल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में शैली जैन प्रथम राधिका द्वितीय एवं इशिता गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं। पर्यावरण क्विज प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में निधि कुमारी ने प्रथम एवं परख ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग में दिव्या प्रथम वात्सल द्वितीय तथा दिवेश तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिताओं की प्रभारी डॉ कमलेश ने अपनी सहयोगी टीम डॉ करुणा गौर सीमा मित्तल दीप्ति अग्रवाल अर्चना सिंह शकुन सोनी एवं तृप्ति गर्ग के साथ सभी निर्णायकों का स्वागत कर निष्पक्ष निर्णय हेतु आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शीलम सिंह द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। आयोजन की सफलता में अवनीश शर्मा ओपी माहेश्वरी अरुण जैन दीपक शर्मा तुलसीराम शर्मा हिमांशु सारस्वत अमित जितेन्द्र सिंह दीनदयाल सहित अनेक सदस्यों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## तस्करों ने कार्टन में ठूंस-ठूंसकर भरे 42 सफेद कबूतर उड़ न पाएं इसलिए पंख काटे दौड़फाइट के लिए जयपुर से लेकर जा रहे थे

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।**जयपुर में तस्कर कार्टन में सफेद कबूतरों को ठूंस–ठूंस कर भरकर ले जा रहे थे। कबूतरों को दौड़ और फाइट के लिए मकराना (डीडवाना–कुचामन) ले जाया जा रहा था। कबूतरों को पंख काटे हुए थे।पुलिस ने मामले में 3 तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 2 कार्टन में भरे 42 कबूतरों को आजाद करवाया गया। मामला विधायकपुरी थाना इलाके का शनिवार शाम का है।डीसीपी (साउथ) राजर्षिराज ने बताया– मामले में आरोपी मकराना निवासी सरफराज खान (20), मोहम्मद जुनैद (20) और मोहम्मद सोनू (22) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस फिलहाल आरोपियों से पूछताछ कर रही है।कबूतर उड़ न सकें, इसलिए काटे पंखडीसीपी (साउथ) राजर्षिराज ने बताया– शनिवार शाम मुखबिर से सूचना मिली कि एमआई रोड पर जमीदारा ट्रेवल्स के सामने तीन लड़के खड़े हैं। उनके पास 2 कार्टन हैं, जिनमें से तेज फड़फड़ाने की आवाज आ रही है। विधायकपुरी थाना पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने तीनों संदिग्धों को पकड़कर कार्टन की तलाशी ली। तलाशी में दोनों कार्टन के अंदर ठूंस–ठूंस कर भरे 42 सफेद कबूतर मिले।पुलिस ने कबूतरों को आजाद करवाकर तीनों तस्करों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे कबूतरों की दौड़ और फाइट के लिए उन्हें मकराना लेकर जा रहे थे। कबूतर उड़ न सकें, इसलिए उनके पंख काटे हुए थे।

### डिजिटल जनगणना 2027 के प्रशिक्षण आज से

**चूरू ( हुक्मनामा समाचार )।** डिजिटल जनगणना 2027 हेतु अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रशिक्षण सोमवार, 16 फरवरी से आयोजित किए जाएंगे। सांख्यिकी उपनिदेशक डॉ रामगोपाल सेपट ने बताया कि जनगणना हेतु जिला जनगणना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर, उपजिला जनगणना अधिकारी एवं उप निदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, तहसील स्तर पर चार्ज अधिकारी तहसीलदार तथा नगर परिषद व नगर पालिका स्तर पर चार्ज अधिकारी आयुक्त व अधिशासी अधिकारी का दो दिवसीय प्रशिक्षण जिला परिषद स्थित सभागार में तथा चार्ज स्तर के कर्मचारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण लोहिया महाविद्यालय में इनक्यूबेशन सेंटर में सोमवार, 16 फरवरी को सवेरे 10 बजे से आयोजित होगा।

यह प्रशिक्षण जनगणना निदेशालय, जयपुर की टीम द्वारा दिया जाएगा।

## मंगेश्वर महादेव मंदिर पर मनाया महाशिवरात्रि पर्व



**भरतपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** एसटीसी हाउसिंग बोर्ड स्थित मंगेश्वर महादेव मंदिर पर रविवार को शिव आराधना का पावन महापर्व महाशिवरात्रि हर्षोलास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिव भक्तों ने जल दूध गंगाजल मिष्ठान बेलपत्र आक धतूरा बेलपत्र आदि शिव भगवान को अर्पित किये।ग गंगेश्वर महादेव मंदिर के पं कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि शिव मंदिर पर प्रात: 5 बजे से ही पूजा अर्चना के लिये भक्तों का आना प्रारंभ हो गया जो दोपहर बाद तक जारी रहा। इस अवसर पर मंदिर परिसर पर बम बम भोले हर हर महादेव के जयकारे के साथ वातावरण शिवमय हो गया। उन्होंने बताया कि ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव एवं माता पार्वती का दिव्य मिलन हुआ था। इस दिन कलश चढाने की परम्परा के तहत् गाजे बाजे के साथ मंदिर में कलश चढाये। इसी प्रकार खिरनी घाट स्थित प्राचीन मंदिर ग अग्रेश्वर महादेव पर रविवार को महाशिवरात्रि पर्व पर अभिषेक, विशेष पूजा अर्चना सर्व जन हितार्थ की भावना से मनाया गया।मंत्री विष्णु लोहिया एवं मंदिर संयोजक विनोद मेडीकल ने बताया कि प्राचीन शिवालय पर रूद्राभिषेक, जलाभिषेक, पंचामृत अभिषेक, दूध, दही, शहद, घी, बूरा, गन्ना रस भांग आठ औषधियों केशर, संतरे का रस, हल्दी,जटमासी अगर तगर लोंग, गुलाब, पुष्प आदि से अभिषेक मंत्र तंत्र यंत्र के साथ पं0 प्रेमी शर्मा ने विशेष पूमजा अर्चना से कराया। गंगाजल से अभिषेक कर आक धतूरा वेलपत्र, गाजर, वेर, सूखे सिंगाडे फू ल माला, चंदन, गुलाब, इत्र व फ लादि मिष्ठान अर्पण किये गये।

### सूरजमल स्मारक पर दीपदान कार्यक्रम 18 को

**भरतपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** भगवान जगन्नाथ रथयात्रा समिति द्वारा 293वें भरतपुर स्थापना दिवस महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला में 18 फ रवरी को सांय 6 बजे से किला परिसर स्थित महाराजा सूरजमल स्मारक स्थल पर दीपदान महोत्सव का आयोजन किया जावेगा। महामंत्री महेशचंद सिंघल ने बताया कि समिति पदाधिकारियों ने रविवार को स्थल का विस्तृत रूप से निरीक्षण कर दीपकों के लिए स्थान चिंहीकृत किये। इस दीपदान महोत्सव में भरतपुर की सुरम्य मांटी से निर्मित दीपकों को रंगीन कागजों पर रखकर सरसो के तेल से आयोजित करते हुए स्मारक स्थल को दिव्य एवं भव्य रूप में जगमगाया जावेगा। भरतपुर की मांटी एवं स्थानीय उत्पादित सरसों तेल की अनुपम संगंध एवं खुशबू से महकाते हुए भारतीय संस्कृति का अद्वितीय एवं अलौकिक दर्शन कराया जावेगा। उपस्थित सभी भक्तजनों एवं दर्शकों को प्रसादी का वितरण किया जावेगा।

# केबल के जंजाल में उलझे 2500 विद्युत पोल न टैक्स न कार्रवाई



**खैरथल ( हुक्मनामा समाचार )।** बिजली के पोल अब निजी कंपनियों की कमाई का जरिया बन गए हैं। शहर में लगे करीब 5000 बिजली के पोलों में से लगभग 2500 पोल पर इंटरनेट और केबल ऑपरेटरों ने बिना अनुमति तारों का जाल फैला रखा है। यह सब प्रशासन की आंखों के सामने हो रहा है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही मिल रहे हैं। नियमों के मुताबिक हर पोल के उपयोग पर संबंधित कंपनी से प्रति वर्ष पांच सौ रुपए किराया वसूला जाना चाहिए। इसके बावजूद निजी ऑपरेटर वर्षों से बिजली के पोल का मुफ्त में उपयोग कर रहे हैं। अनुमान है कि इससे हर साल करीब साढ़े बारह लाख रुपए का राजस्व नुकसान हो रहा है। खैरथल सब डिवीजन के हरियाली, मंडी, अंबेडकर चौक, शैलजा कॉलोनी, खैरथल गांव, कुठली, मातोर रोड, आनंद नगर कॉलोनी, एग्रीकल्चर और रीको फीडरों में कुल मिलाकर लगभग 5000 पोल लगे हैं। इनमें से आधे से ज्यादा पोलों पर अवैध केबल लटके हुए हैं। बाजार और घनी आबादी वाले इलाकों में तो पोल तारों से पूरी तरह ढंके नजर आते हैं, जिससे कभी भी हादसा हो सकता है। इस वर्ष जियो सहित अन्य कंपनी ने पोल पर केबल लगाने की स्वीकृति मांगी है जो अभी प्रक्रियाधीन है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि जब अनुमति की प्रक्रिया चल रही है इसके बावजूद बिजली पोल पर अवैध कब्जा किस आधार पर किया जा रहा है। शहर के बिजली पोल पर अवैध तार लगे हैं।

# कोविंद - तत्वदर्शी.. ! परमात्मा और जीव की एकता का अनुभव करें : ब्रह्मा श्रम महाराज

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** राष्ट्रीय कवि चौपाल में सदस्य गण व पदाधिकारियों ने साहित्य मित्रों संग राष्ट्रीय कवि चौपाल की 555 वीं कड़ी संयोगवश रविवार को महाशिवरात्रि भी थी.. अत: महोत्सव की तरह मनाया। कार्यक्रम में विशिष्ट आध्यात्म सान्निध्य दंडी स्वामी ब्रह्मा श्रम जी महाराज श्री का मिला कार्यक्रम की अध्यक्षता में शकूर बीकाणवी, मुख्य अतिथि में शिव प्रकाश दाधिच बीकानेरी विशिष्ट अतिथि में शिव प्रकाश शर्मा आदि मंचासीन हुए। कार्यक्रम शुभारंभ करते हुए रामेश्वर साधक ने स्व बौद्धिक में बताया कि शिव शब्द सामान्य नहीं... अगर शिव से यथार्थ परिचय हो गया... तो यह तय मानों जीवन में कुछ भी जानना शेष नहीं अर्थात शव (भक्ति, ज्ञान, वैराग्य से च्यूत) से शिव बनने का अवसर शिवरात्रि ... तत्व से जुड़ने का अनूठा अवसर है। दंडी स्वामी ब्रह्मा श्रम जी महाराज श्री ने आध्यात्म संदेश में कहा कि अपने अपने अधिकार से, व्यवहार इमानदारी पूर्वक करते हुए परमार्थ को प्राप्त करना चाहिए, जगत संकल्प मय है, कोविंद तत्वदर्शी परमात्मा और जीव की एकता का अनुभव करना चाहिए, कार्यक्रम अध्यक्ष शकूर बीकाणवी : शिव मेडी माई जाऊं जीवन सफल बनाऊं.. शिव आवैला मेडी में अंग भभूत लगाउं आज के मुख्य अतिथि शिव प्रकाश दाधिच बीकानेरी ने काव्य धारा में अपनी आध्यात्म विचारों में कहा.. हम ऋषि मुनियों की है संतानें, सत्य सनातन जीते हैं। हम तो प्रेम स्नेह के है रखवाले बस मीठे बोल बोलते हैं। दिल में अरमान देश के, गीत वतन के गाते हैं।.. प्रमोद कुमार शर्मा : कोविंद तत्वदर्शी परमात्मा और जीव की एकता का अनुभव करें हम ऋषि मुनियों की है संतानें, सत्य सनातन जीते हैं.. शिव आवैला मेडी में अंग भभूत लगाउं नर भी पूज लूं और नारायण भी, पर नर में कोई नारायण तो मिले। राष्ट्रीय कवि चौपाल में सदस्य गण व पदाधिकारियों ने साहित्य मित्रों संग राष्ट्रीय कवि चौपाल की 555 वीं कड़ी संयोगवश आज महाशिवरात्रि भी थी.. अत: महोत्सव की तरह मनाया। आज के कार्यक्रम में विशिष्ट आध्यात्म सान्निध्य दंडी स्वामी ब्रह्मा श्रम जी महाराज श्री का मिला कार्यक्रम की अध्यक्षता में शकूर बीकाणवी, मुख्य अतिथि में शिव प्रकाश दाधिच बीकानेरी विशिष्ट अतिथि में शिव प्रकाश शर्मा आदि मंचासीन हुए। दंडी स्वामी ब्रह्मा श्रम जी महाराज श्री ने आध्यात्म संदेश में कहा कि अपने अपने अधिकार से, व्यवहार इमानदारी पूर्वक करते हुए परमार्थ को प्राप्त करना चाहिए,



जगत संकल्प मय है, कोविंद तत्वदर्शी परमात्मा और जीव की एकता का अनुभव करना चाहिए, कार्यक्रम अध्यक्ष शकूर बीकाणवी : शिव मेडी माई जाऊं जीवन सफल बनाउं.. शिव आवैला मेडी में अंग भभूत लगाउं । मुख्य अतिथि शिव प्रकाश दाधिच बीकानेरी ने काव्य धारा में अपनी आध्यात्म विचारों में कहा.. हम ऋषि मुनियों की है संतानें, सत्य सनातन जीते हैं। हम तो प्रेम स्नेह के है रखवाले बस मीठे बोल बोलते हैं। दिल में अरमान देश के, गीत वतन के गाते हैं।

## एक नजर

### जौपाडा में आग से घर में रखा अनाज, तुड़ा, कपड़े, घरेलू सामान और करीब 50 हजार रुपये नकद जलकर हो गये राख



**दौसा ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले की जौपाडा ग्राम पंचायत के खोखला की ढाणी में शनिवार रात एक छप्परपोश कच्चे घर में भीषण आग लग गई। आग से घर में रखा हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।ग्रामीणों के अनुसार अज्ञात कारणों से लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। घर में रखा लगभग 5 बोरी अनाज, करीब 50 मन तुड़ा, कपड़े, दैनिक उपयोग का सामान तथा करीब 50 हजार रुपये नकद पूरी तरह जल गए।परिवार के सदस्यों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। आग की लपटें उठती देख सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग को फैलने से रोका जा सका।पीड़ित भोमाराम पुत्र कजोड़ मल ने घटना की सूचना हल्का पटवारी, सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी को दे दी है तथा प्रशासन से त्वरित आर्थिक सहायता की मांग की है। ग्रामीणों ने भी पीड़ित परिवार की मदद के लिए आगे आने की अपील की है।हल्का पटवारी के अनुसार खसरा नंबर 297 खातेदार भूमि पर बने छप्परपोश कच्चे घर में परिवार निवास कर रहा था, जहां रात में अज्ञात कारणों से आग लगने से भारी नुकसान हुआ।

### महाशिवरात्रि पर नंदी गौशाला में विश्व हिंदू परिषद और वंदे मातरम टीम द्वारा नंदी महाराज की पूजा



**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** विश्व हिंदू परिषद बीकानेर महानगर और वंदे मातरम टीम द्वारा संयुक्त रूप से आज शिवरात्रि का पर्व नोखा रोड गंगाशहर स्थित नंदी गौशाला में मनाया गया। इस अवसर पर नंदी महाराज की पूजा की गई और 61 किलो गुड़ महादेव के वाहन नंदी महाराज इस गौशाला में सैकड़ो की संख्या में मौजूद है उनको टीम द्वारा अपने हाथों से गुड़ खिलाया। विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष विजय कोचर विश्व हिंदू परिषद के गौ सेवा प्रमुख लक्ष्मण उपाध्याय नरसिंग भाटी मुकेश जोशी कामिनी भोजक मूलचंद सांखला गणपत उपाध्याय विनय बंशल आदि कार्यकर्ताओ नें गौशाला में सेवा कार्य में हाथ बंटाया। विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष विजय कोचर ने बताया कि आज ही सुजान्देसर से 4 किलोमीटर आगे गौशाला में और जोड़ बीड स्थित भैरवनाथ गौशाला में भी टीम द्वारा गुड़ के लड्डू और पानी के टैंकर से सेवा की गई। इस अवसर पर टीम नें नोखा रोड स्थित करणी माता मंदिर के आगे 15 क्विंटल केले से बने महादेव के दर्शन भी किये. और अथक परिश्रम से बनाए गए केलो के महादेव बनाने वाले युवा कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई और प्रशंसा भी की।

### बेकाबू दूध टैंकर ने दो मजदूरों को रौंदा, एक की मौत एक गंभीर घायल

**दौसा ( हुक्मनामा समाचार )।** दौसा जिले के बांदीकुई क्षेत्र के करनावर की जैस्या की ढाणी में एक बेकाबू दूध से भरे टैंकर तेज रफ्तार टैंकर ने सड़क किनारे जा रहे दो राहगीरों को रौंदा दिया जिसमें दो जने गंभीर हो गए मौके पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में घायलों अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां गंभीर अवस्था में रामोतार सैनी को डाक्टरो ने प्राथमिक उपचार के देने के बाद जयपुर एसएमएस रैफर किया जहां सवाई मानसिंह अस्पताल में इलाज के दौरान रामोतार सैनी ने दम तोड दिया। दूसरे घायल रामकरण सैनी का इलाज दौसा हायर सेंटर में जारी है। हादसा जैस्या की ढाणी, करनावर में तेज रफ्तार टैंकर ने सड़क किनारे जा रहे दो लोगों को रौंद दिया ।घटना में दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत बांदीकुई उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि टैंकर अमूल दूध से भरा हुआ था।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने टैंकर चालक को पकड़कर बसवा थाना पुलिस के हवाले कर दिया ।बसवा थानाधिकारी ऋक्ष ओमप्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना इलाके के जैस्या की ढाणी में तेज रफ्तार दूध टैंकर ने सड़क किनारे जा रहे दो लोगों को टक्कर मारी थी जिसमें। दो जने घायल हुए जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया दिया गया था टैंकर को जप्त किया एक परिचालक को हिरासत में लिया है एक शख्स मौका पाकर फरार हो गया था। जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस हर पहलू मामले को लेकर जांच कर रही है । मृतक रामोतार सैनी मजदूरी कर परिवार का लालन-पालन करता था। हादसे में हुआ शिकार मृतक रामोतार सैनी पत्थर के काम की मजदूरी किया करता था। मृतक के दो लड़के और एक लड़की है मृतक रामोतार सैनी करनावर की राजवास्या की ढाणी का रहने वाला था।

### श्री कृष्ण योग पीठ के जिला कार्यकारिणी की भव्य बैठक एवं शपथ ग्रहण




**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** बीकानेर 15.02.2026 श्री कृष्ण योग पीठ के जिला पदाधिकारियों, तहसील और ब्लॉक संयोजकों की भव्य बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन बीकानेर के होटल राज महल में किया गया। संगठन के भव्य समारोह में डीआईजी एसीबी श्री भुवन भूषण जी यादव मुख्य अतिथि रहे। अपने संबोधन में नव मनोनीत पदाधिकारियों से संगठन के उद्देश्यों, इसकी दृष्टि, प्रासंगिकता और वर्तमान परिदृश्य में संबद्ध सदस्यों के साथ-साथ आम जनता के जीवन में इसकी उपयोगिता को समझने का आग्रह किया और सभी को सकारात्मक प्रयासों के लिए बधाई दी। सरवन कुमार , डॉ. नरेश गोयल जी व्यवसायी और समाजसेवक, सुशील कुमार जी संभाग संयोजक, श्री दीवान सिंह जिला संयोजक आदि कुछ अन्य विशिष्ट व्यक्तित्व अतिथि थे, जिन्होंने जीवन में सुख प्राप्त करने के लिए सर्वशक्तिमान भगवान श्री कृष्ण के दर्शन और गीता दर्शन के बारे में कई उपयोगी, दार्शनिक और सकारात्मक शिक्षाएं दीं। श्री डी. आर. यादव, सेवानिवृत्त आईएएस संबद्ध सेवा और श्रीकृष्ण योग पीठ वृंदावन के राष्ट्रीय सह संयोजक ने इस सम्मेलन की अध्यक्षता की और मनुष्य के लिए प्रासंगिक और उपयोगी असाधारण, अद्वितीय और अत्यंत विशेष गुणों के बारे में संबोधित किया।

## विभिन्न महादेव मन्दिरों में गुंजे हर हर महादेव के जयकारे

**डीग ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले में महाशिवरात्रि के पर्व को भक्त बड़े ही हर्षोगास और भक्ति में मनाया जा रहा है जहां मुख्य बाजार स्थित नीलकंठ महादेव चदेला महादेव और किला स्थित रूपेश्वर महादेव मंदिर गंगेश्वर महादेव दरीबेश्वर महादेव नागेश्वर महादेव द्वारकाधीश महादेव सहित शिवालयों में पूजा अर्चना की जा रही है ! महाशिवरात्रि को भगवान शिव और पार्वती जी का विवाह हुआ था इसी को लेकर पौराणिक काल से ही महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। सुबह से ही महिला पुरुष और बच्चों सहित शिवालयों में भक्तों की भीड़ नजर आ रही है जहां भक्त कावर लाकर भगवान शिव को गंगाजल से अभिषेक किया जा रहा है वहीं भक्तगण व श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जल व पंचामृत से अभिषेक कर बेलपत्र आक धतूरा व पुष्प चंदन और फल आदि का भोग लगाकर जलाभिषेक कर रहे हैं और घर में सुख समृद्धि की आराध्य देव भगवान शिव से प्रार्थना कर रहे हैं वहीं कुंवारी कन्याएं भी सुयोग्य वर्ग के लिए भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना कर भोलेनाथ को रिझाने का प्रयत्न कर रही हैं ! इधर भक्त व श्रद्धालुओं ने उपवास भी रखा है शादी व बच्चा होने पर महादेव मंदिरों पर बैंड बाजो के साथ जेगर चढ़ाई जा रही है।



## संविदा नर्सिंगकर्मियों ने नियमित भर्ती की मांग को लेकर पूर्व मंत्री राठौड़ को सौंपा ज्ञापन

**चूरू ( हुक्मनामा समाचार )।** चूरू के डीबी अस्पताल के संविदा और निविदा पर कार्यरत नर्सिंग अधिकारियों ने राज्य सरकार से नियमित नर्सिंग भर्ती मेरिट और बोनस अंकों के आधार पर करने की अपनी मांगों को लेकर रविवार दोपहर नर्सिंग अधिकारियों ने पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ को उनके चूरू आवास पर ज्ञापन सौंपा। राजस्थान नर्सेज भर्ती संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में बताया कि प्रदेश के संविदा नर्सेज कर्मचारी आगामी नियमित नर्सिंग भर्ती मेरिट और बोनस अंकों के आधार पर चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अल्प वेतन में संविदा नर्सिंगकर्मी कई वर्षों से अस्पताल में सेवा दे रहे हैं और अब अपनी उम्र के आखिरी पड़ाव पर हैं। नर्सिंग अधिकारियों ने मांग की कि पूर्व में हुई भर्तियों (2013, 2018 और 2023) की तर्ज पर और चिकित्सा नियम 1965 के तहत नर्सिंग ऑफिसर के 12 हजार और एएनएम के 7 हजार पदों पर भर्ती विज्ञापन जल्द जारी किया जाए। इसमें 10, 20



और 30 बोनस अंक मेरिट के आधार पर दिए जाएं। इससे पिछले 8-10 वर्षों से कार्यरत संविदा नर्सेज कार्मिकों को नियमित होने का अवसर मिलेगा और सरकार का संविदा नर्सेज को नियमित करने का वादा भी पूरा होगा। इस दौरान पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ ने नर्सिंगकर्मियों को आश्वासन दिया कि वे इस मामले में उच्च स्तर पर वार्ता करेंगे। ज्ञापन देने वालों में नर्सिंग ऑफिसर प्रदीप चौधरी, आशीष ढाका, पन्नालाल इसराण, सुनील गर्वा, दिनेश और ताराचंद मेघवाल प्रमुख थे। इनके साथ सुनील गढ़वाल, मुकेश कांटीवाल, तेजप्रकाश, विनय, कुलदीप सिंह, उमा भारत सोलंकी, रचना चौधरी, कविता, सुमन, रत्ना, भारती, अमृता पिलानिया, गजराज सिंह, जितेंद्र, संदीप वर्मा, मोनिका, आरिफ, पवन, ललिता सैनी, कांता और सुभिता सहित कई अन्य नर्सिंगकर्मी भी मौजूद थे।

### जस्सूसर गेट श्मशान भूमि में छपरे का निर्माण, दाग संस्कार के लिए निःशुल्क मिलेगी सामग्री



**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** रांकावत स्वामी समाज की ओर से जस्सूसर गेट के बाहर स्थित श्मशान भूमि में संत कालूराम पुत्र बद्री दास रांकावत (टाक) की स्मृति में उनके पुत्र महावीर रांकावत (पांचू वाले) द्वारा छपरे का निर्माण करवाया गया है। साथ ही दाग-संस्कार के लिए नि:शुल्क लकड़ी की व्यवस्था भी की गई है, जिससे अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को सुविधा मिल सकेगी। इस पुण्य कार्य के लिए समाज के बंधुओं ने महावीर रांकावत एवं उनके परिवार का आभार व्यक्त करते हुए इसे सराहनीय पहल बताया। कार्यक्रम के दौरान समाज के शिव कुमार स्वामी, भागीरथ साध, घनश्याम साध, अमित, अजीत, मदन लाल, शंकर लाल, हिमांशु, मदन स्वामी, पवन स्वामी, अशोक स्वामी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### पूर्व नपाध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश शर्मा का निधन, नगर में शोक की लहर

**बयाना ( हुक्मनामा समाचार )।** बयाना कस्बे के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश शर्मा का रविवार को निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन से नगर में शोक की लहर छा गई। शर्मा अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। रविवार दोपहर कस्बे के मुख्य मोक्षधाम परिसर में उनका अंतिम संस्कार किया गया। ज्येष्ठ पुत्र अनिरुद्ध शर्मा ने मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। परिजनों के अनुसार ओमप्रकाश शर्मा वर्ष 1962 से 1965 तक बयाना नगरपालिका के चेयरमैन रहे। उन्होंने सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर वर्ष 1972 में बयाना विधानसभा से विधायक पद का चुनाव भी लड़ा था। हालांकि वे चुनाव में विजयी नहीं हो सके, लेकिन क्षेत्र की राजनीति में उनकी



सक्रिय भूमिका रही। आपातकाल के दौरान जेल भरो आंदोलन में भी उन्होंने बढ़-चढ़कर भाग लिया था। वकालत के क्षेत्र में वे सिविल और क्रिमिनल मामलों के प्रमुख अधिवक्ताओं में शुमार रहे। अपनी सादगी, स्पष्टवादिता और सामाजिक सरोकारों के लिए वे नगर में विशेष पहचान रखते थे। उनकी बड़ी पुत्रवधू इंदु शर्मा अपनाघर सेवा समिति की क्षेत्रीय अध्यक्ष हैं। नगर के विभिन्न संगठनों एवं सामाजिक संस्थाओं ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे सार्वजनिक जीवन की अपूरणीय क्षति बताया है।

### गोविंद माधव पार्क में हिंदू सम्मेलन, संगठन और समरसता पर जोर

## सम्मेलन के दौरान समाज एकजुटता और समरसता का संदेश, राजाराम जी का आह्वान

**खैरथल ( हुक्मनामा समाचार )।** गोविंद माधव पार्क, ग्राम माधव बस्ती खैरथल गांव में हिंदू सम्मेलन का आयोजन श्रद्धा, उत्साह एवं अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों, मातृशक्ति और युवाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संघ प्रचारक एवं विश्व हिंदू परिषद के राजस्थान क्षेत्र के संगठन मंत्री राजाराम जी रहे। कार्यक्रम के संयोजक देवेंद्र लोढ़ा थे। मंच पर संत समाज की ओर से प्रेम प्रकाश आश्रम, खैरथल के संत हरीश जी सहित अन्य संतजन एवं समाज के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में राजाराम जी ने कहा कि वर्तमान समय में हिंदू समाज को संगठित




होने की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि विदेशी आक्रांताओं द्वारा समय-समय पर मंदिरों को क्षति पहुंचाई गई, लेकिन समाज की आस्था और संस्कारों को समाप्त नहीं किया जा सका उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रथम सरसंघचालक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन और विचारों का उल्लेख करते हुए समाज संगठन की आवश्यकता पर बल दिया साथ ही 'पांच परिवर्तन' सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्य विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों और बुराइयों को दूर करने के लिए सभी हिंदू समाज बंधुओं से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

### खंजर क्लब की ओर से चंग पर धमाल कार्यक्रम के बैनर का हुआ विमोचन

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** बीकानेर शहर में होली पर्व की तैयारियां जोरों पर इसी को लेकर यहां सुरमयी होली गीतों की बयार और बांसुरी की तान और चंग की धमक के साथ थिरकते कदम यह नजारा रविवार की शाम को महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर राज रतन बिहारी मंदिर के सामने देखना को मिला जब खंजर क्लब के चंग वादकों द्वारा चंग पर धमाल कार्यक्रम के बैनर का विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सखा संगम अध्यक्ष एनडी रंगा और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बैंक कर्मचारी नेता सुनील दत्त नागल द्वारा फीता काटकर किया गया। विशिष्ट अतिथियों में ज्योतिष दुर्गा शंकर रंगा,विष्णु दत्त रंगा,बीजेपी नेता राजकुमार जीनगर, बीजेपी नेता अनिल पाहुजा, कवि शिव दाधीच, रामकिशोर यादव, पवन कुमार चड्ढा आदि मौजूद रहे। क्लब के अध्यक्ष घनश्याम सोलंकी ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि क्लब के पदाधिकारी सतीश गहलोत, प्रमोद गहलोत, किसन लाल सोनी,मदन टाक , कैलाश तंवर, अशोक तंवर,प्रेम कुमार,ओम सैन, नरेंद्र देवड़ा, मनोज प्रजापत,मनीष तंवर, सहयोगी शाकिर हुसैन चौपदार आदि चंग वादकों ने चंग पर हथेलियों की थाप देकर ज्योंही होली के गीतों की प्रस्तुति प्रारंभ की वैसे ही मंदिर एवं पार्क में आने वाले दर्शनार्थियों व राहगीरों के कदम भी खुद ब खुद थिरकने प्रारंभ हो गए। डांसर रत्ना रंगीला ने घूमर नृत्य कर समा बांध दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन शिव दाधीच ने किया।

## अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के गृह जिले पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने जावेद खान को खुद दुपट्टा पहनाकर किया स्वागत

**दौसा ( हुक्मनामा समाचार )।** भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती रविवार को दौसा जिले के दौर पर रहे इस दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जावेद खान के गृह जिले में पहली बार प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती के आने पर जोरदार स्वागत किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जावेद खान के नेतृत्व में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष हाजी यामीन , गुलजार कुरैशी, सरदार रणधीर सिं,ह आदिल खान, शकील कोठीवाला सहित के नेतृत्व में जिला भाजपा कार्यालय में स्वागत किया। आदर सत्कार से प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती इतने खुश हुये कि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जावेद खान के गृह जिले में पहुंचने पर उनका खुद प्रदेश अध्यक्ष मेवाती ने दुप्पटा पहनाकर जावेद खान का स्वागत कर दिया।

स्वागत के बाद संगठन की बैठक ली इस अवसर पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने कहा कि प्रदेश में कई नेता अल्पसंख्यक समाज के मतों से जीतकर विधानसभा पहुंचे, लेकिन अपेक्षित विकास और सशक्तिकरण के परिणाम सामने नहीं आए। उन्होंने कहा कि अब समाज वोट बैंक की राजनीति से ऊपर उठकर काम और नतीजों के आधार पर नेतृत्व का मूल्यांकन कर रहा है।मेवाती ने कहा कि भाजपा की नीति 'धर्म के आधार पर नहीं, अधिकार के आधार पर विकास' है।

केंद्र और राज्य सरकारें बिना भेदभाव सभी क्षेत्रों में योजनाओं का लाभ पहुंचा रही हैं।शिक्षा के मुद्दे पर उन्होंने छात्रवृत्ति, मदरसों के आधुनिकीकरण, तकनीकी व कौशल शिक्षा तथा मुख्यधारा से जोड़ने वाली योजनाओं को युवाओं के लिए नए अवसर बताकर सराहा। उन्होंने कहा कि आज युवा नौकरी के साथ-साथ उद्यमिता और स्वरोजगार की ओर भी अग्रसर है। महिला सशक्तिकरण पर उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति उसकी महिलाओं की प्रगति पर निर्भर करती है। राज्य सरकार की शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता से जुड़ी योजनाओं से अल्पसंख्यक महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है।

उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में राजस्थान विकास और विश्वास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अय्यूब खान, जंग बहादुर पठान सहित भाजपा जिला अध्यक्ष सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।



# महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों में भक्तों की मची धूम, भगवान शिव का दूध, दही, शहद व गंगाजल से किया अभिषेक

## आक धतूरा, विल्वपत्रों व फूलों से किया श्रृंगार,गाजर बेर व पकवानों का लगाया भोग



**बयाना ( हुक्मनामा समाचार )।** बयाना कस्बा सहित पूरे उपखंड क्षेत्र में रविवार को भगवान भोलेनाथ की भक्ति का त्यौहार महाशिवरात्रि पर्व धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन शिव मंदिरों में खास रौनक देखने को मिली । जगह जगह शिव मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़?ता दिखाई दिया। मंदिरों में सुबह से ही बम-बम भोले, हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे ।भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए भक्तों में होड़ मची रही। बयाना के ऐतिहासिक किले पर स्थित प्राचीन पहाड़ेश्वर शिव मंदिर में भक्तों ने रामायण पाठ के साथ विशेष धार्मिक आयोजन भी किया। भगवान महादेव का विशेष श्रृंगार कर फूल बंगला झांकी सजाई गई । पहाड़ी पर चढ़कर सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का क्रम बना रहा। रात को शिव खप्पर पूजा और चार पहर की पूजा भी की गई ।

इसी तरह डांग इलाके के गांव नवलापुरा स्थित महाकाल मंदिर पर शिवरात्रि पर्व की धूम मची रही ।राष्ट्रीय अनहद महायोग पीठ के पीठाधीश्वर संत रुद्रनाथ महाकाल विशाल महाराज के सानिध्य में रुद्राभिषेक किया गया। इसके साथ ही शहर के नगला स्टोर स्थित गोपेश्वर महादेव मंदिर,बामडा मंदिर, अनाज मंडी पार्क स्थित शिवालय, पंचायत समिति शिवालय, बजरिया चौराहा स्थित धूलेश्वर महादेव, सहित तमाम मंदिरों में सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए भक्तों की कतार लगी रही। भक्त भगवान शिव को आक, धतूरा, बिल्वपत्र, फल- फूल, मिष्ठान अर्पित कर सुखी समृद्ध जीवन की कामना करते दिखाई दिए। नव विवाहित दंपत्तियों ने समूह में मंगल गीत गाते हुए भगवान शिव को जल से भरा कलश चढ़ाए। इसके साथ ही ग्रामीण इलाकों में सौरोंजी से गंगाजल लेकर आए कांवड़ियों ने जलाभिषेक किया। वहीं श्रद्धालु व्रत उपवास रखकर भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन रहे। रात को कई मंदिरों में शिव जागरण के कार्यक्रम भी हुए।

## ऋषि बोधोत्सव पर प्रभात फेरी के साथ वैदिक यज्ञ का आयोजन



**भुसावर ( हुक्मनामा समाचार )।** स्वतंत्रता पूर्व से संचालित आर्य समाज की ओर से आर्य समाज संरक्षक दिनेश चंद्र पांडेय व उपाध्यक्ष प्रकाश चंद शर्मा के नेतृत्व में महर्षि दयानंद सरस्वती बोधोत्सव पर कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। आर्य समाज प्रधान राजेन्द्र मित्तल व मंत्री कमलाकांत आर्य के आनुसार आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती बोधोत्सव के अवसर पर संरक्षक दिनेशचंद पाण्डेय व उपाध्यक्ष प्रकाशचंद शर्मा के नेतृत्व में प्रात: कस्बे के निचरला बाजार, सर्राफा बाजार, पुरानी अनाज मण्डी, हिण्डौन रोड, आदि विभिन्न मार्गों में से होकर आर्य समाजियों एवं कन्या गुरुकुल की छात्राओं द्वारा ओउम ध्वज लेकर महर्षि दयानंद के जयघोश के साथ वैदिक भजन गाते हुए प्रभात फेरी निकाली गई एवं आर्य समाज परिसर में वैदिक मंत्रों के साथ वैदिक यज्ञ किया गया। इस अवसर पर संरक्षक पाण्डेय ने बताया कि महाशिवरात्रि को चूहे वाली घटना के बाद महर्षि दयानंद सरस्वती को आत्मज्ञान की प्राप्ति हुई थी, इसलिए महाशिवरात्रि को देश के सभी आर्य समाजों में ऋषि बोधोत्सव के रूप में मनाया जाता है। कन्या गुरुकुल की छात्राओं ने भजनों के माध्यम से बताया कि महर्षि दयानंद ने सती प्रथा, बाल विवाह जैसी कुरीतियों का विरोध किया और नारी उत्थान के भरसक प्रयास करते हुए महिलाओं को वेद पढने का अधिकार दिलाया। इस मौंके पर गुरुकुल की आचार्या सुमन आर्या एवं आर्य समाज के नित्यानंद पांडेय, चेतराम मीना, चंद्रप्रकाश आर्य, अंशु मित्तल सहित गुरुकुल की छात्राएं मौजूद रही।

## 55 वर्षीय व्यक्ति द्वारा सुसाइड करने के प्रकरण ने पकड़ा तूल, जाम लगाकर जताया विरोध



**रतनगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के वार्ड संख्या 16 में 55 वर्षीय व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के प्रकरण में परिजनों ने आक्रोश प्रकट करते हुए स्टेशन सड़क मार्ग को जाम कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची ने आक्रोशित लोगों से समझाइश का प्रयास किया। मामले के अनुसार शहर के वार्ड संख्या 16 निवासी पप्पू सांसी ने अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। लेकिन परिजन एवं समाज के लोग आक्रोशित हो गए तथा जिला अस्पताल के पास अम्बेडकर सर्किल के पास स्टेशन सड़क को जाम कर दिया तथा धरने पर बैठ गए। आक्रोशित लोगों का आरोप है कि पप्पू को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले लोगों को गिरफ्तार किया जाए, तभी पोस्टमार्टम की कार्रवाई करवाकर शव लिया जाएगा।

## सीकर को मिला अत्याधुनिक तकनीक से लैस सरोज हॉस्पिटल

# यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने किया उद्घाटन



**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** बस डिपो तिराहा पर यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा शहर के गणमान्सय लोगों एवं अतिथियों के बीच सरोज हॉस्पिटल का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इसी के साथ ही सीकर जिले को अत्याधुनिक तकनीक से लैस सरोज हॉस्पिटल मिल गया।

राजस्थान सरकार के मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि शिक्षा नगरी सीकर में आज अत्याधुनिक तकनीक वाले अस्पताल का इंतजार था जो की शिक्षा नगरी के साथ-साथ शहर की एक आवश्यकता थी। प्रेस से वार्ता करते हुए यूडीएच में मंत्री ने एकसवाल के जवाब में कहा कि निजी क्षेत्र में अस्पताल आमजन को बेहतरीन सेवाएं प्रदान करें, इसके लिए भी सरकार अपने स्तर पर अस्पतालों के लिए एक विशेष नीति बना रही है।

अस्पताल संचालक एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रोहिताश बाजिया ने बताया कि सरोज हॉस्पिटल पिछले 6 वर्षों से महिला एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में आमजन की सेवा को समर्पित रहा है। नई जोखिमों के बीच अंचल को एक आधुनिक तकनीक से लैस अस्पताल की महत्ती आवश्यकता थी जिसमें बच्चों के लिए एनआईसीयू एक बड़ी आवश्यकता थी जिसे सरोज हॉस्पिटल पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हुआ और आज माननीय मंत्री के कार्यक्रमों से यह सौगात शहर को समर्पित हुई है।

महिला एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञा डॉ. सरोज बाजिया ने बताया कि प्रधानमंत्री सहित देश की सरकारें महिला स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्ध है और जटिल होती प्रसव स्थितियों में प्रसूता के जीवन पर जोखिम ना हो इसके लिए सरोज हॉस्पिटल ने सरकार के जनहित के इस लक्ष्य को साधने के प्रतिबद्ध हुआ है और अब शिक्षा नगरी के साथ आसपास के अंचल के लिए तकनीक और जोखिम के डर से महानगरों की ओर ताकते रहने या रुख करने की विवशता को ख़त्म करने के लिए अंचल की सेवा में सरोज अस्पताल पूर्ण समर्पित है। हमारे अस्पताल में सभी प्रकार की जच्चा-बच्चा स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ रूप से 24घंटे उपलब्ध रहेंगी।

## नगला स्टोर में गन्दगी से भरे नाले से बढ़ा बीमारी का खतरा, जिम्मेदार विभाग एक दूसरे पर झाड़ रहे पल्ला



**बयाना( हुक्मनामा समाचार )।** कस्बे की रेलवे कॉलोनी के पास नगला स्टोर का आखिरी छोर इन दिनों गंदगी और बदहाली की जीती-जागती तस्वीर बन चुका है। महीनों से सफाई नहीं होने के कारण नाली में कीचड़, प्लास्टिक कचरा और सड़ी-गली गंदगी का अंबार लगा है। हालात इतने खराब हैं कि वहां से गुजरना तक मुश्किल हो गया है। उठती बदबू लोगों का जीना दूभर कर रही है, जबकि कीट-पतंगों और मच्छरों की भरमार से बीमारियों के फैलने का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रेल प्रशासन, ग्राम पंचायत और नगरपालिका तीनों विभाग इस समस्या से पल्ला झाड़ रहे हैं। हर विभाग इसे अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर बताकर जिम्मेदारी से बच रहा है। नतीजा यह है कि अधिकार क्षेत्र की इस खींचतान में आम नागरिक पिस रहा है। स्थानीय पूर्व मनोनीत पार्षद धीरेंद्र बैंसला के अनुसार विभागों की आपसी लड़ाई के कारण यह समस्या नासूर बन चुकी है। सवाल यह उठता है कि जब जनता टैक्स और शुल्क समय पर अदा करती है तो फिर मूलभूत सुविधाओं के लिए उसे क्यों तरसना पड़ रहा है।

## गौशाला चेलासी में गोस्वामणि आयोजन



**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** सालासर रोड स्थित श्री करणी माता गौशाला चेलासी में रविवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर एवं गोपीनाथ गौ सेवा समिति के तत्वाधान में गोस्वामणि का आयोजन हुआ समिति की सरक्षक गो सेविका ज्योति तनवानी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर नंदी बाबा और गौ माता को हरा चारा, गुड़, खल चुरी, नमकीन, मिठाई, बूंदी,गुड,का भोग लगाया गया इसी के साथ समिति के मीडिया प्रभारी आयुष माथुर श्रेष्ठ जैन पुनीत कुमावत जी ने अपना जन्मदिन गौशाला में गौ माता की सेवा करके मनाया समिति के अध्यक्ष शैलेश जैन ने गौशाला मे पधारे सभी गो भक्तों को दुपट्टा पहनाकर एवं गोपीनाथ राजा का चित्र भेटकर आभार व्यक्त किया इसी सेवा के कार्यक्रम में सुमित्रा शर्मा, प्रेमानंद कुमावत, कुंदन शर्मा मयूर शर्मा मामा सुनील बेला जैन सक्षम यशस्वी जैन पेमाराम गुर्जर रामदेव भूरिया आदि गोपीनाथ गौ सेवा समिति के सदस्य और गौशाला पदाधिकारी उपस्थित रहे!

## आध्यात्मिक क्रांति का संकल्प दिवस शिवरात्रि - बी.के. कमल

**बीकानेर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के क्षेत्रीय सार्दुलगंज में रविवार को महाशिवरात्रि पर्व आध्यात्मिक उत्सव के रूप में मनाया गया। क्षेत्रीय प्रभारी राजयोगिनी बी.के. कमल के साथ गणमान्य लोगों शिव ध्वज फहराकर परमात्मा शिव के आदर्शों का स्मरण करते हुए वंदन किया। बी.के.कमल ने शिवरात्रि के आध्यात्मिक गूढ रहस्य को उजागर करते कहा कि यह आत्म जागृति और जीवन परिवर्तन का पर्व है। इस अवसर पर शिव ध्वज के नीचे सभी आने भाई बहनों को पर चिंतन, पर दर्शन तथा पर निंदा से मुक्त संकल्प करवाया गया। उन्होंने कहा कि शुभ भावना व शुभ कामना के मंत्र द्वारा हर आत्मा को संतुष्ट करते हुए सदा स्वयं संतुष्ट रहेंगे। सत्यता, मधुरता नम्रता आदि सदगुणों को दृढता पूर्वक धारण करते हुए स्वयं का परिवर्तन करेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए सामूहिक राजयोग ध्यान किया।

### संस्कृत शिक्षा के उन्नयन हेतु सुप्रीम फाउंडेशन का समर्पण:

# भामाशाह तापड़िया परिवार के सहयोग से संवर रहा बच्चों का भविष्य



**झुंझुनूं ( हुक्मनामा समाचार )।** सुप्रीम फाउंडेशन जसवंतगढ़ द्वारा जुलाई 2017 से लगातार संस्कृत शिक्षा के उत्थान और सामान्य शिक्षा में सुधार हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शनिवार को झुंझुनूं जिले के विभिन्न विद्यालयों का इम्पैक्ट असेसमेंट किया गया।भामाशाहों का अनुकरणीय योगदान रहा जिसमे सुप्रीम फाउंडेशन के ट्रस्टी व प्रसिद्ध भामाशाह श्रद्धेय स्वर्गीय बजरंगलाल जी तापड़िया, महावीर प्रसाद जी तापड़िया, शिवरतन जी तापड़िया एवं विजय जी तापड़िया के मार्गदर्शन और सहयोग से यह संस्था संस्कृत शिक्षा में स्वयंसेवक शिक्षक उपलब्ध करवाकर शिक्षा जगत में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। इसी कड़ी में शनिवार को टीम ने जमीनी स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता जांची।

इम्पैक्ट असेसमेंट के सूत्रधार अनिल जी गुप्ता, मुख्य समन्वयक श्याम बाबू शर्मा एवं जिला समन्वयक बलबीर शर्मा ने राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय, बसावा का दौरा किया। टीम ने विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर की जांच की और बच्चों की तैयारी व समझ को देखकर हार्दिक खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यालय के संस्था प्रधान श्री ओमप्रकाश शर्मा, वरिष्ठ अध्यापक श्री गिरधारीलाल शर्मा, अध्यापक श्री अमित शर्मा, श्री विनोद सैनी, एसएमसी अध्यक्ष श्री मुकेश नरड़िया, अभिभावक श्री विनोद सोनी, अध्यापिका श्रीमती सुमन मुंड, श्रीमती संगीता, श्रीमती सावित्री, ग्रामवासी श्री नंदलाल जी शर्मा एवं श्री प्रदीप स्वामी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा बसावा ही नहीं बल्कि क्षेत्र के अन्य विद्यालयों का भी निरीक्षण किया गया जिनमें राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, पुरोहितों की ढाणी, राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, मालियों की ढाणी, राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, परसरामपुरा आदि में भी सघन जांच की गई और शिक्षकों के साथ शैक्षणिक गुणवत्ता पर चर्चा की गई।

## 10 दिवसीय अंतरंग क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर का विधायक सहारण ने किया निरीक्षण



**चूरू ( हुक्मनामा समाचार )।** आयुर्वेद विभाग चूरू द्वारा दिनांक 11 फरवरी से शुरू हुए शिविर में आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार एवं अन्य गतिविधियां सुचारू रूप से जारी है। उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग चूरू के डॉक्टर सत्यवीर सहारण ने बताया की रविवार को विधायक हरलाल सहारण ने शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में भर्ती मरीजों को विधायक हरलाल सहारण ने फल वितरित किए। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हर जिले में उक्त शिविर लगाए जा रहे हैं जिसमें हजारों लोग आयुर्वेद पद्धति से अपना उपचार करवाकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे। यह शिविर आम आदमी को राहत देने वाला शिविर है। ज्यादा से ज्यादा लोगो को इस शिविर का लाभ मिले इसके लिए सरकार प्रयासरत है। आयुर्वेद विभाग बीकानेर के अतिरिक्त निदेशक डॉक्टर राधेश्याम सकरवाल ने शिविर का अवलोकन कर शिविर की गतिविधियों की सराहना की और कहा कि शिविर में चलने वाली गतिविधियों का आमजन ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाएं यही आयुर्वेद विभाग का प्रयास है। शिविर के प्रभारी डॉक्टर मनीराम शर्मा ने बताया की 5 दिन से चल रहे शिविर में लगभग 700 लोगों ने चिकित्सीय परामर्श का लाभ उठाया है। शिविर के सह प्रभारी डॉक्टर ओमप्रकाश चोयल ने बताया की शिविर में पंचकर्म पद्धति से 300 रोगियों को लाभान्वित किया गया। डॉ रामकृष्ण शर्मा ने बताया की शल्य चिकित्सा शिविर में अब तक 65 रोगियों को चिन्हित कर आवश्यक उपचार किया गया। प्रात: 7:30 बजे से 8:30 बजे तक नियमित योगाभ्यास करवाया जाता है। शिविर में भाजपा के तहसील अध्यक्ष रजत शर्मा, चूरू मंडल मंत्री श्रीराम पीपलवा, मनोज गढ़वाल, रघुनाथ खेमका, सहायक प्रशासनिक अधिकारी योगेन्द्र शर्मा, डॉक्टर प्रतिभा ढ़ाका, ओमप्रकाश सैनी सहित अनेक चिकित्सा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## जुआ खेलते तीन आरोपी गिरफ्तार

**टोंक ( हुक्मनामा समाचार )।** पुलिस थाना निवाई सदर क्षेत्र में जुआ खेलते तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 हजार 330 रूपये जब्त किये गये है। निवाई सदर थानाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि गठित टीम में सउनि गजराज सिंह, कानि. ज्ञानाराम, शंकरलाल, पायलेट एवं आशाराम चालक द्वारा जुआ खेलते तीन आरोपी राजेश पुत्र कैलाश लुहार (20) निवासी पलाई पुलिस थाना उनियारा, जीतराम पुत्र रंगलाल गुर्जर (24) निवासी मंजुकडा पुलिस थाना निवाई सदर एवं राकेश पुत्र प्रहलाद यादव (34) निवासी कनेसर पुलिस थाना निवाई सदर जिला टोंक को गिरफ्तार कर 4 हजार 330 रूपये जब्त कर थाना हाजा पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

# संतराम बी.ए. प्रजापति की 139वीं जयंती, नवलगढ़ में मूलचंद कारगवाल फॉर्म हाउस में मनाई गई



**नवलगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** नवलगढ़ में स्टेशन रोड स्थित मूलचंद कारगवाल फार्म हाउस पर बेबाक वक्ता, महान समाज सुधारक, क्रांतिवीर संतराम बी. ए. प्रजापति का जयंती समारोह डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चैरिटेबल ट्रस्ट, नवलगढ़ एवं बामसेफ व कुमावत समाज के संयुक्त तत्वावधान में मनाया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष रामनाथ सिंह सुरेला, मुख्य अतिथि रिटायर्ड रीडर गोवर्धन सिंह निठारवाल , विशिष्ट अतिथि गुलाम नबी आजाद, बाबूलाल कारगवाल, शिव भगवान सारड़ीवाल, मूलचंद सैनी रिटायर्ड एक्स ई एन थे। कार्यक्रम का प्रारंभ महात्मा संतराम बी ए के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि के साथ हुआ।

वक्ताओं में शिवभगवान सारड़ीवाल, गोवर्धन सिंह निठारवाल, गुलाम नबी आजाद, जनार्दन घोड़ेला,सुरेश कुमार, मूलचंद सैनी, केशर देव धानिया, रामनाथ सुरेला ने संतराम बी.ए. के जीवन के बारे में विस्तार से बताया।

वक्ताओं ने संतराम बी ए के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज को जगाने के काम में और तेजी लाने का आह्वान किया। उन्होंने 1922 में जाति पाति तोड़क मंडल की स्थापना की जिसके वे सचिव रहे।

उन्होंने अपनी सन्तानो का विवाह अंतर्जातीय किया। इस अवसर पर सीताराम कुमावत, रोहिताश सुनिया, हवा सिंह कुमावत, मुरलीधर कुमावत, आशीष कुमावत सीकर, अमीन अली सैयद, प्रभु दयाल जागृत, श्रवण कुमार सबलानिया, हरलाल सिंह बड़वासी, अमरचंद धींवा, शीश राम डूडी, पीरामल दायमा आदि लोगों उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चौथमल सोंकरिया ने किया।

## नोखा क्षेत्र में बड़ा सड़क हादसा, दो की मौत

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** नोखा क्षेत्र के चरकड़ा गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे का मामला सामने आया है। हादसे में चरकड़ा गांव निवासी नारायण सिंह राजपूत की मौके पर ही मौत। बताया जा रहा है कि मृतक सड़क किनारे जा रहा था, तभी यह दुर्घटना हुई। इसी हादसे में राजूराम पुत्र जगदीश, निवासी सुरपुरा की भी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राजूराम वाहन में सवार था। वहीं वाहन में मौजूद लालचंद पुत्र भागीरथ गोदारा, निवासी रामसर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजन जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। मोर्चरी के बाहर मगनाराम केड़ली, सवाई सिंह चरकड़ा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की।

**नोखा में युवक को बस ने मारी टक्कर**- वहीं दूसरी ओर हिम्मटसर गांव निवासी देवीलाल मेघवाल को गंभीर हालत में लाया गया बागड़ी अस्पताल, जहां चिकित्सकों ने देवीलाल को किया मृत घोषित, शव को रखवाया बागड़ी अस्पताल की मोर्चरी में, हिम्मटसर गांव बस स्टैंड के समीप की घटना।

**नोखा के चरकड़ा गांव का पास सड़क हादसा मामला**- चरकड़ा गांव निवासी नारायण की मौत हुई, मृतक सड़क किनारे जा रहा था, इस मामले में राजूराम पुत्र जगदीश निवासी सुरपुरा की हुई मौत, यह गाड़ी में सवार बताया जा रहा है एक अन्य लालचंद पुत्र भागीरथ गोदारा निवासी रामसर अस्पताल में भर्ती, जिला अस्पताल में मृतक के परिजन पहुंचे, ग्रामीण कर रहे मामले में जांच की मांग, मगनाराम केड़ली, सवाई सिंह चरकड़ा सहित अनेक लोग मोर्चरी के आगे मौजूद।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा के परिदृश्य में आया बड़ा बदलाव

# दो वर्षों में शिक्षा संबंधी संकेतकों में हुए उल्लेखनीय सुधार

- बजट वर्ष 2026-27 में परिलक्षित हुआ गुणवत्तापूर्ण, रोजगारपरक एवं नवाचार आधारित शिक्षा का संतुलित विजन
- टेबलेट-लैपटॉप, साइकिल और यूनिफॉर्म वितरण योजनाओं में ई-वाउचर एवं डीबीटी से विद्यार्थियों को मिलेगा सीधा लाभ




- 'स्कूल टू वर्क', 'स्कूल ऑन व्हील्स' के नवाचारों से व्यावसायिक एवं समावेशी शिक्षा को मिलेगी नई उड़ान
- वर्ष 2024-25 में ड्रॉप आउट रेट प्राथमिक स्तर के लिए 7.6 से घटकर 3.6 एवं माध्यमिक स्तर के लिए 11.1 से घटकर 7.7 हुई।
- बजट 2026-27 में प्रारम्भिक शिक्षा के लिए 21 हजार 646 करोड़ रुपये एवं माध्यमिक शिक्षा के लिए 19 हजार 473 करोड़ रुपये का प्रावधान

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में शिक्षा के परिदृश्य में बड़ा बदलाव आ रहा है। प्रदेश में ड्रॉप आउट रेट में उल्लेखनीय कमी एवं संक्रमण दर में सुधार राज्य सरकार के प्रयासों के परिणाम को दर्शाते हैं, तो वहीं वर्ष 2026-27 के बजट के प्रावधान गुणवत्तापूर्ण, रोजगारपरक एवं नवाचार आधारित शिक्षा के सशक्त एवं संतुलित विजन को रेखांकित करते हैं। आर्थिक समीक्षा 2025-26 के अनुसार माध्यमिक से उच्च माध्यमिक में संक्रमण दर वर्ष 2023-24 की तुलना में वर्ष 2024-25 में 82.6 से बढ़कर 88.2 एवं प्राथमिक से उच्च प्राथमिक में 90.7 से बढ़कर 93.8 हुई। वहीं, ड्रॉप आउट रेट प्राथमिक स्तर के लिए 7.6 से घटकर 3.6, उच्च प्राथमिक स्तर के लिए 6.8 से घटकर 3.6 एवं माध्यमिक स्तर के लिए 11.1 से घटकर 7.7 रह गई।

प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण स्थापित किए जाने की कड़ी में बजट वर्ष 2026-27 में प्रारम्भिक शिक्षा के लिए 21 हजार 646 करोड़ रुपये से अधिक तथा माध्यमिक शिक्षा के लिए 19 हजार 473 करोड़ रुपये से अधिक के प्रावधान किए गए है। इसके अन्तर्गत समग्र शिक्षा अभियान के तहत प्रारम्भिक शिक्षा में 13 हजार 767 करोड़ रुपये से अधिक तथा माध्यमिक शिक्षा में 2 हजार 821 करोड़ रुपये से अधिक का व्यय प्रस्तावित है। इसके अलावा आरटीई के अंतर्गत निजी विद्यालयों को शिक्षण शुल्क पुनर्भरण के लिए 1 हजार 250 करोड़ रुपये तथा पीएम योजना के लिए 434 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है।

**निःशुल्क यूनिफॉर्म के लिए डीबीटी, 250 करोड़ रुपये का प्रावधान** -विद्यार्थियों के लिए टेबलेट/लैपटॉप, साइकिल और यूनिफॉर्म वितरण जैसी योजनाओं को समयबद्ध एवं अधिक पारदर्शी बनाने के लिए बजट में डीबीटी एवं ई-वाउचर की घोषणा की गई है।

इसके तहत कक्षा 8, 10 और 12 के चयनित मेधावी विद्यार्थियों को टेबलेट या लैपटॉप खरीदने के लिए ई-वाउचर के माध्यम से 20 हजार रुपये तक की सहायता एवं आगामी वर्ष 9वीं कक्षा में प्रवेश लेने वाली जरूरतमंद छात्राओं को साइकिल हेतु ई-वाउचर प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अन्तर्गत लगभग 3.90 लाख बालिकाओं को लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अतिरिक्त, बजट में कक्षा 1 से 8 तक के 40 लाख से अधिक जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए डीबीटी करने की घोषणा करते हुए 250 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**शैक्षिक सत्र 2025-26 में 80 लाख विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकें वितरित** विद्यार्थियों में सीखने की निरंतरता बनाए रखने के लिए निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण योजना के तहत शैक्षिक सत्र 2025-26 में लगभग 80 लाख विद्यार्थियों को 4 करोड़ से अधिक पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया है। वहीं, बजट वर्ष 2026-27 में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए 150 करोड़ रुपये एवं माध्यमिक शिक्षा के लिए 90 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**400 विद्यालयों का सीएम राइज विद्यालयों में होगा क्रमोन्नयन, एक हजार करोड़ रुपये का प्रावधान** रोजगारपरक शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में आगामी सत्र में 500 अतिरिक्त विद्यालयों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लिए बजट 2026-27 में 51 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है।

इसी तरह, प्रत्येक जिले में व्यावसायिक शिक्षा के लिए 'स्कूल टू वर्क' कार्यक्रम, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों के बच्चों के लिए 'स्कूल ऑन व्हील्स', जयपुर और जोधपुर में विज्ञान एवं तकनीकी विषयों के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए स्पेस गैलरी तथा एक हजार विद्यालयों में एआई आधारित पर्सनलाइज्ड लर्निंग लैब्स की स्थापना की भी इस बजट में पहल की गई है। इसके अलावा, डिजिटल शिक्षा संसाधनों के विस्तार के लिए 400 विद्यालयों को चरणबद्ध रूप से 'सीएम राइज' विद्यालयों में क्रमोन्नत किए जाने की घोषणा के साथ ही, इसके लिए एक हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।



## पवन खेड़ा बोले-मोदी की उम्र से ज्यादा डॉलर का रेट, अमेरिका से डरकर ट्रेड डील की

**जमेर ( हुक्मनामा समाचार )।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। पवन खेड़ा ने कहा- अमेरिका से ट्रेड डील प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डरकर की, और जब राजा डरता है तो नुकसान प्रजा का होता है। खेड़ा ने कहा- साल 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते थे कि डॉलर और मनमोहन सिंह की उम्र में मुकाबला चल रहा है, लेकिन आज डॉलर की कीमत मोदी की उम्र से ज्यादा हो गई है।खेड़ा रविवार को अजमेर ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में पहुंचे और जियारत की। खेड़ा ने मीडिया से बातचीत के दौरान ये बातें कहीं।अमेरिका के साथ ट्रेड डील से किसानों- व्यापारियों को नुकसान राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि अमेरिका के साथ जो ट्रेड डील हुई है, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डरकर की है। उन्होंने कहा कि इसका खामियाजा किसानों और व्यापारियों को भुगतना पड़ रहा है। खेड़ा ने इस बात पर जोर दिया कि जब राजा डर जाता है तो नुकसान प्रजा को होता है।खेड़ा ने कहा- धर्म को राजनीति का जरिया नहीं बनाना चाहिए। कांग्रेस हमेशा इसके खिलाफ रही है। राजनीति हमेशा मुद्दों की होनी चाहिए। धर्म का गलत इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।हरदीप पुरी व मोदी दोनों ही कोई सवाल के जवाब नहीं दे रहें। ये रिश्ता क्या था, क्यों था, जवाब देने चाहिए। राजस्थान की जनता तैयार बैठी है और जनता चुनाव का इंतजार कर रही है। ये पर्ची की सरकार है और कीमत राजस्थान की जनता अदा कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत-पाक मैच में हिन्दुस्तान जीतेगा।

## जयपुर में ट्रक ने आरटीओ ड्राइवर को कुचला, मौत

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जयपुर में टोल नाके पर ट्रक की टक्कर से आरटीओ दस्ते के ड्राइवर की मौत हो गई। आरटीओ का उड़न दस्ता कानोता में हिंगोनिया टोल प्लाजा के पास चालान काट रहा था। इसी दौरान सड़क पार कर रहे ड्राइवर को ट्रक ने कुचल दिया। घटना आगरा रोड पर हिंगोनिया टोल प्लाजा के पास रविवार दोपहर की है। हादसे में कोटपूतली बहरोड़ के पनियाला निवासी राजाराम (48) की मौत हो गई। इसके बाद ट्रक ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार हो गया। एक्सीडेंट ईस्ट-2 थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को एसएमएस हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। ठेके पर लगा हुआ था मृतक एसएचओ (कानोता) मुनेंद्र सिंह ने बताया- कोटपूतली बहरोड़ के पनियाला निवासी राजाराम (48) जयपुर आरटीओ में ठेके पर लगा हुआ था। झालाना आरटीओ ऑफिस के उड़न दस्ता पर राजाराम ड्राइवर था। आटीओ का उड़नदस्ता हिंगोलिया टोल प्लाजा से करीब 200 मीटर दूर रविवार दोपहर करीब 3 बजे चालान की कार्रवाई कर रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने रोड क्रॉस करते समय राजाराम को टक्कर मार दी। इसके बाद वाहन को लेकर ड्राइवर फरार हो गया।

## पशुपालक को 10 लाख का नुकसान

## अलवर में बिजली तार टूटने से 50 बकरे-बकरियों की मौत

**अलवर( हुक्मनामा समाचार )।** अलवर में महुआ के पास मोरेड़ा गांव में रविवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे बिजली लाइन का तार टूटकर बकरियों के बाड़े में गिर गया, जिससे 50 बकरे-बकरियां मर गई। पशुपालक को करीब 10 लाख के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना के एक घंटे बाद तक मौके पर कोई नहीं पहुंचा। सरपंच ने पशुपालक इलियास पुत्र फुलू को ढांढ़स बंधाया। दोपहर करीब 12 बजे पुलिस मौके पर पहुंची और घटना का जायजा लिया।

पशुपालक ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 10 बजे बिजली का तार टूटा है, जो बाड़े के ऊपर से गुजर रहा था। तार टूटकर बकरियों पर गिर गया, जिससे मौके पर ही 50 बकरे-बकरियां मर गई।इलियास ने कहा कि बिजली लाइन का तार टूटने से करीब 10 से 15 मिनट पहले ही उसकी पत्नी, साला और बच्चे बाड़े में बकरे-बकरियों को चारा डालकर निकले थे। यदि वे वहां कुछ देर और रुकते तो बड़ा हादसा हो सकता था। सरपंच इमरान ने बताया कि बिजलीकर्मियों की लापरवाही से पशुपालक को लाखों का नुकसान हुआ है। सरपंच ने मांग की कि पशुपालक को मुआवजा मिलना चाहिए। इसके अलावा यहां से निकल रही बिजली की लाइन को तुरंत पूरी तरह दुरुस्त किया जाए, ताकि आगे कोई हादसा नहीं हो।



**3 महीने पहले भी टूटा था वायर**

सरपंच ने कहा कि तीन महीने पहले भी बिजली का तार टूट गया था। तब हादसा होने से बच गया था। लेकिन बिजलीकर्मियों ने जब लाइन को दुरस्त किया तो काम ढंग से नहीं किया। सालों पुराने तारों को नहीं बदला गया। जिसके कारण अब वापस तार टूट गया। इससे पहले भी तार टूटने की घटना हो चुकी है।

## लव-अफेयर में युवक ने थाना परिसर में एसिड पीया

**पाली ( हुक्मनामा समाचार )।** पाली के सुमेरपुर थाना परिसर में युवक ने एसिड पी लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे फौरन सुमेरपुर हॉस्पिटल लेकर गए। वहां से उसे बांगड़ हॉस्पिटल (पाली) भेजा गया, जहां से शनिवार रात करीब 9 बजे जोधपुर के लिए रेफर कर दिया गया। एक विवाहिता की गुमशुदगी मामले में पुलिस उसे पकड़कर लाई थी। विवाहिता के बयान के आधार पर पुलिस ने उसे उसके परिवार वालों के हवाले कर दिया। इसी से युवक नाराज था। मामला शनिवार शाम करीब 5 बजे का है। एएसपी बाली चैनसिंह महेचा ने बताया - 3 नवंबर 2025 को एक विवाहिता की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। शनिवार (14 फरवरी) को पुलिस विवाहिता और उसे ले जाने वाले सिरोही जिले के 25 साल के युवक को पकड़कर थाने लाई थी। दोनों पक्षों के परिवार वाले भी थाने पहुंच गए थे। विवाहिता ने अपने माता-पिता के साथ जाने की इच्छा जताई। इस पर पुलिस ने उसे परिजनों के साथ भेज दिया। बाथरूम से निकलकर बोला- मैंने एसिड पी लिया महिला के जाने से युवक नाराज हो गया और थाना परिसर के बाथरूम में चला गया।

## जालोर-सिरोही सांसद लुंबाराम की रेंज रोवर में लगी आग

**जालोर ( हुक्मनामा समाचार )।** नासिक-मुंबई हाईवे पर जालोर-सिरोही से भाजपा सांसद लुंबाराम चौधरी की लग्जरी रेंज रोवर कार में अचानक आग लग गई। कुछ ही मिनटों में कार पूरी तरह जलकर कबाड़ हो गई। राहत की बात यह रही कि सांसद समेत कार में सवार सभी लोग समय रहते बाहर निकल गए और कोई जनहानि नहीं हुई। सांसद लुंबाराम चौधरी ने बताया- सदन की कार्यवाही पूरी होने के बाद शुक्रवार शाम वे मुंबई पहुंचे थे। एयरपोर्ट से एक मित्र के साथ नासिक स्थित त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए रवाना हुए। नासिक से करीब 40 किमी पहले, गोंडे फाटा इलाके के पास रात लगभग 12 बजे गाड़ी में शॉर्ट सर्किट की वजह से जलने की गंध आने लगी। उन्होंने तुरंत ड्राइवर को बताया। थोड़ी ही देर में कार से तेज धुआं उठने लगा। कार शाहपुर निवासी ड्राइवर अनिल जाधव चला रहा था। उसने बिना देर किए कार को सड़क किनारे खड़ा किया। कार में कुल 4 लोग सवार थे। सभी तुरंत नीचे उतर गए। कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरी कार जलकर सिर्फ ढांचा रह गया। ड्राइवर भी समय रहते बाहर निकल गया।

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील देश की ऊर्जा-सुरक्षा और किसानों व छोटे व्यापारियों के साथ बड़ा खिलवाड़ - पायलट

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भारत-अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा कि इसके दूरगामी परिणाम देश किसानों, छोटे एवं मध्यम व्यापारियों तथा नौजवानों के लिए अहितकारी साबित होंगे। उन्होंने कहा कि इस डील से भारत के किसानों, विशेषकर कपास और सोयाबीन उत्पादकों का भारी अहित होगा। सरकार ने जान-बूझकर छोटे व्यापारियों, नौजवानों और हमारे दुग्ध उत्पादकों के भविष्य को दांव पर लगा दिया है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रदेश महिला कांग्रेस की मीटिंग में सम्मिलित होने से पहले मीडिया को सम्बोधित करते हुए पायलट ने उक्त बातें रखी। उन्होंने कहा कि भारत की टेऊ्ड डील यूरोपीय संघ के साथ भी हुई है, जो कि पूरी तरह से एक व्यापारिक समझौता है परन्तु अमेरिका जो करवा रहा है, वो दबाव है। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर पहले जो 3 से 5 प्रतिशत टैरिफ था, उसे बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक किया गया और अब उसे 18 प्रतिशत करने की खुशियां मनाई जा रही है। पायलट ने कहा कि लगभग 500 अरब डॉलर के व्यापार का समझौता हुआ है परन्तु क्या खरीदेंगे, किस दाम पर खरीदेंगे इसका कुछ पता नही है।

पायलट ने कहा कि देश में यह पहली बार हुआ है कि भारत की ऊर्जा-सुरक्षा के साथ समझौता किया गया है। कोई दूसरा देश भारत जैसे ताकतवर देश को कैसे डिक्टेट कर सकता है कि हमें कहां से तेल खरीदना है और कहां से नहीं। यह देश की ऊर्जा-सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है।

## उड़ता तीर

...........प्रदीप लोढ़ा

### बजट से बल्ले बल्ले।

राजस्थान का बजट विधानसभा में 11 फरवरी को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पेश किया था मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दिशा निर्देशन में तैयार हुआ यह बजट सभी वर्गों को राहत देने वाला साबित हो रहा है सरकार की बल्ले बल्ले दिख रही है विपक्ष भी सामान्य निंदा के अलावा कुछ नहीं कर पा रहा है क्योंकि बजट में विकास को बढ़ाने के लिए ठोस उपाय किए गए हैं उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले दिनों में इस बजट की जैसे-जैसे क्रियान्वती होगी सरकार की छवि में और निखार आएगा।

### फेरबदल की संभावना खत्म।

राजस्थान मंत्रिमंडल में भारी फेरबदल की संभावना पिछले 6 माह से चल रही है क्योंकि मुख्यमंत्री भी दिल्ली से अनुमति मांग चुके हैं मंत्रियों की आईबी जांच भी हो चुकी है कई आने वाले मंत्री और हटने वाले नाम पर चर्चा हो चुकी है। पर अब लगता है कि फेर बदल टल गया है क्योंकि दिल्ली की प्राथमिकता में अभी यह नहीं है क्योंकि दिल्ली में कई राजनीतिक संकट और राजनीतिक उठा पटक के दौर चल रहे हैं।

### राजस्थान की एप्सटिन फाइल।

भाजपा की प्रदेश की राजनीति में उठा पटक की चर्चाओं के बीच राजस्थान की एपसट्रीन फाइलों की चर्चा चलने लग गई है इनमें सच्चाई या ना हो लेकिन नेताओं का दावा है की बहुत से पूर्व और वर्तमान केंद्रीय मंत्री अधिकारी और अन्य गई लोग इस फाइल में फंसे हुए हैं। कहां जा रहा है पेट्रोल पंप ओर गैस अलॉटमेंट से लेकर टेंडर एलॉटमेंट और जमीनों के मामलों की जानकारी इस फाइल के खुलासे से सामने आ जाएगी।

### चुनाव को लेकर असमंजस।

नगर पालिका और पंचायत समिति चुनाव को लेकर प्रदेश में असमंजस की स्थिति बनी हुई है, सर्वे और सीआईडी रिपोर्ट बता रहे हैं कि आम आदमी में बहुत गुस्सा नजर आ रहा है और इसका नकारात्मक परिणाम भी आ सकता है। दूसरी और सरकार का मानना है कि चुनाव में जो गड़बड़ होगी उसे आगे चुनाव में ठीक कर लिया जाएगा यानी अध्यक्ष सरपंच तो भाजपा के ही ज्यादा जीतेंगे। लेकिन सबकी बावजूद उन लोगों की संख्या ज्यादा है जो चुनाव टलवाना चाहते हैं।

### अपनों के आरोप।

खनन को लेकर प्रदेश सरकार पर कई तरह के आरोप पहले से लग रहे हैं, राजधानी जयपुर में भी सुबह से लेकर रात तक अवैध खनन को लेकर विस्फोट की सलामी चलती रहती है पर कोई कहने सुनने को तैयार नहीं है द्य अब बेर विधायक बहादुर सिंह कोली ने आरोप लगाए तो सरकार की हवा खिसक गई कहां जा रहा है कि मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को डांट लगाई है तथा रिपोर्ट मांगी गई है। परंतु अवैध खान के मामले में कुछ नहीं हो सकता क्योंकि कई राजनेता और अधिकारी इसके काम में लिप्त है।

### इंतजार मैं तबादला सूची।

पंचायत और पालिका चुनाव की अधिसूचना से पहले प्रदेश में बड़े स्तर पर प्रशासनिक और पुलिस सेवा के अधिकारियों के तबादले सुनिश्चित है। कहां जा रहा है ऐसे अधिकारियों को लगाया जा रहा है जो हवा भी बदल दे और पक्ष में परिणाम भी लेकर आ जाएं। चुनाव में अधिकारी की भूमिका कैसी होती है यह सब को मालूम भी है कुछ अधिकारियों को गाइडलाइन के हिसाब से भी हटाया जा रहा है ।

### शक्ति प्रदर्शन।

अभी शादियों का मौसम चल रहा है और शादियों के हर मौसम में किसी ने किसी क्षेत्र में कोई राजनेता शादी समारोह के नाम पर अपने चुनाव क्षेत्र जिले में और राजधानी में अपनी ताकत का झंडा गाड़ने की कोशिश करता है। आम जनता बच्चे ऐसे संभल की कविता बड़े आदमियों की उपस्थिति उसे नेता की ताकत को दर्शाती है इस शादी के सीजन में काम से कम आधा दर्जन राजनेता अपने परिवार की किसी शादी के नाम पर ऐसी ताकत दिखा चुके हैं उम्मीद की जानी चाहिए ऐसी दिखाई ताकत से उनकी राजनीतिक क्षेत्र में इजाफा होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 फरवरी को आएंगे अजमेर

# प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति से 'विकसित राजस्थान' के संकल्प को मिलेगी नई शक्ति-मुख्यमंत्री

**प्रदेश को 23 हजार 500 करोड़ के विकास कार्यों की देंगे सौगात**



फाईल फोटो

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 फरवरी को अजमेर में प्रस्तावित कार्यक्रम में प्रदेशवासियों को कई सौगातें देंगे। इस अवसर पर प्रदेशभर में 23 हजार 500 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा। साथ ही, रोजगार उत्सव के तहत 21 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपे जाएंगे।

**21 हजार युवाओं को मिलेंगे नियुक्ति पत्र**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति से 'विकसित राजस्थान' के संकल्प को नई शक्ति मिलेगी तथा प्रदेशवासियों में नई ऊर्जा एवं प्रेरणा का भी संचार होगा।

# मंदिरों व अन्य स्थानों पर हर-हर महादेव के गूंजे जयकरें



**पदमपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** महाशिवरात्रि पर शिवालयों, मंदिरों व अन्य स्थानो पर हर–हर महादेव के गूंजे जयकरें, पूजा अर्चना का कार्य सुबह से लेकर देर रात्रि शिव भोले के निमित्त शिव भगत श्रद्धालुओं द्वारा शिव भोले की आराधना कर वह शिवावालियों में जल अभिषेक कर पूजा अर्चना का कार्य विधि विधान से संपन्न करवाया गया । ब्रह्मकुमारीज सेवा केंद्र पर संचालिका बीके वंदना दीदी , बीके अर्चना दीदी ,बीके करुणा दीदी के नेतृत्व में बीके भाई बहनों के द्वारा महाशिवरात्रि का महा उत्सव सनातन धर्म का परचम लहराते हुए भक्ति भाव के वातावरण में मनाया गया , बीके वंदना ने बताया कि शिव परमपिता परमात्मा शिव का इस धरा पर आगमन होना कल्पना नही है., परमात्मा के आने का इंतजार सारी कायनात, चराचर, बाल, युवा, वृध्द कर रहे थे सृष्टि पर शिव का अवतरण इस संसार के महा परिवर्तन का आगाज है., उनके साथ संधान जोडकर जीवन में आंतरीक शक्तियों को जगाकर सुंदर रिती से जिवन जीना यही महाशिवरात्री का अद्भुत रहस्य है, शिव परमात्मा वो अव्यक्त शक्ती, निराकार, जो समय, स्थान से परे है .हम बच्चों के लिये इस धरा पर अवतरीत होते है... सर्वोच्च शक्ती हमारे लिये आते है । राजकीय चिकित्सालय मैं स्थापित श्री नरमेद्श्विर आरोग्य शिव मंदिर , श्री राम मंदिर, खाटू श्याम मंदिर ,श्याम कुटिया सहित अन्य शिवालियों में बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर बेलपत्र , कच्चा दूध , इत्यादि सामग्री अर्पण कर अभिषेक कर सुख समृद्धि की मंगल कामनाएं शिव की आराधना करके की । शिव भक्तों के द्वारा हर हर महादेव के जय घोष को गुंजाईमान कर परमपिता परमात्मा शिव के अलौकिक जन्मदिवस शिव जयंती पर शुभकामनाएं प्रेषित की , राजकीय चिकित्सालय व शिव कुटिया में शिव भक्तों के द्वारा गर्म पकोड़े व जलेबियां इत्यादि का प्रसाद वितरित कर खुशियों का इजहार किया गया।

## लापरवाही बरतने पर बनेठा पुलिस थाने के दो कांस्टेबलों को किया लाइन हाजिर



**बनेठा ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले में ज़ीरो टॉलरेंस नीति के तहत पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने पर बनेठा पुलिस थाने के दो कांस्टेबलों पर कार्रवाई की है। एसपी मीना ने कांस्टेबल चालक नरेन्द्र सिंह राजपूत और कांस्टेबल विक्रम सिंह मीणा को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। आधिकारिक तौर पर एसपी मीणा ने बताया कि दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ ड्यूटी में लापरवाही बरतने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। प्राथमिक दृष्टि से दोषी पाए जाने पर उन्हें लाइन हाजिर किया गया है और मामले की विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। भले ही प्रशासन इसे ड्यूटी के दौरान लापरवाही मान रहा हो, लेकिन स्थानीय गलियारों में चर्चा है कि यह कार्रवाई अवैध बजरी खनन और परिवहन के चलते हुई है। एक परिवादी ने एसपी को शिकायत में आरोप लगाकर बताया था कि बनेठा पुलिस ने एक खाली ट्रैक्टर-ट्रॉली को बजरी से भरी बताकर एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। एसपी मीना ने मामले को गंभीरता से लेते हुए यह सख्त कदम उठाया। हालांकि, शिकायतकर्ता के खिलाफ राजकार्य में बाधा का मामला दर्ज होने के कारण वह फिलहाल फरार बताया जा रहा है। इस कार्रवाई के बाद स्थानीय पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

## रंग बिरंगे फूलों की सुगंधित पंखुड़ियों से खिलाई राधाकृष्ण को होली



**रतनगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** स्थानीय पंचमुखी नगर स्थित व्यास कुटीर में ललिता देवी व्यास द्वारा आयोजित ' राधाकृष्ण संग फूलों की होली का' । गत सायं फाल्गुन महोत्सव सम्पन्न हुआ ।आयोजन का शुभारंभ छोटू राजस्थानी की गणेश वंदना से हुआ। इस अवसर पर कृष्ण और राधिका के रूप में सजी भावना और भूमि पर श्रद्धालु महिलाओं ने सुगंधित पुष्प बरसाते हुए राधाकृष्ण की फूलों से ढकी मंत्रमुग्ध कर देने वाली झांकी सजाई। गायक कुलदीप व्यास द्वारा प्रस्तुत भजन ' करके इशारो बुलाय गई रे.....' और ' आज बिरज में होली रे रसिया .... ' जैसे भजनों पर मातृशक्ति ने जमकर नृत्य किया । छोटू मिरासी द्वारा प्रस्तुत ' मिसरी से मीठे बोल हमारी राधा रानी के ...' और ' मिलेंगे कुंज बिहारी..... 'जैसे भजनों पर सभी ने सुर में सुर मिलाए । कथावाचक पवन जोशी , सुमन शर्मा और सोनू भाटी की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने आयोजन में भक्ति रस बरसाया । पूर्व पार्षद राहुल व्यास ने बताया कि इस अवसर पर पधारी समस्त महिलाओं व कलाकारों का व्यास परिवार की ओर से दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इससे पूर्व पंडित सुरेश शर्मा के आचार्यत्व में सर्व मंगल की कामना से हुए हवन की पूर्णाहुति पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष कुमार इंदौरिया के सान्निध्य में प्रवीण – गुंजन व्यास के द्वारा दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने फागोत्सव का खूब आनंद लिया।

# महाशिवरात्रि पर्व पर गुंजे बम बम भोले के जयकारे

### कतार में लगकर श्रद्धालुओं को करनी पड़ी पूजा

**चूरू ( हुक्मनामा समाचार )।** में महाशिवरात्रि पर्व रविवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। शहर के शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, शिव भक्तो ने भगवान शंकर की विशेष पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने अलसुबह से ही मंदिरों में कतारें लगानी शुरू कर दी थीं। शिवालयों में दिनभर ओम नमः शिवाय का जाप गूंजता रहा। भक्तों ने भगवान शिव को दूध, पंचामृत, फल, धतूरा, बेलपत्र, पुष्प, अबीर, गुलाल और भस्म अर्पित कर जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक किया।

कई मंदिरों में भगवान शंकर का रुद्राभिषेक भी किया गया। इस दौरान मंदिरों में भगवान शंकर का दिव्य श्रृंगार किया गया।



महाआरती के बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शहर के विभिन्न मंदिरों में दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। पर्व को देखते हुए शहर के मंदिरों में पुलिस बल तैनात रहा। महिला श्रद्धालु नीलम वर्मा ने बताया कि भगवान शंकर की पूजा-अर्चना करने से मनुष्य के कष्टों का निवारण होता है। शहर के प्रमुख मंदिरों जैसे सब्जी मंडी स्थित महामंगलेश्वर मंदिर, शंकरनाथ जी की छतरी, पुलिस लाइन स्थित शिव मंदिर, जयपुर आरओबी के नीचे शिव मंदिर, नया बास शिव मंदिर, नए बस स्टैंड के पास शिव मंदिर, सफेद घंटाघर स्थित गंगामाई मंदिर, ओम कॉलोनी स्थित शिवालय, शारदा स्कूल के पास शिवालय, गढ़ स्थित ठाकुरजी मंदिर, रामजस कुएं के पास हनुमानधोरा मंदिर, टांई वालों की छतरी में स्थित शिवालय और कालीकमली मंदिर के शिवालय सहित अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की।

## राजपाल काजला को पीएचडी की उपाधि



**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** लामियां निवासी राजपाल काजला को इतिहास विभाग, मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा उनके शोध विषय ''सीकर जिले के किसान आंदोलन : एक समीक्षात्मक अध्ययन' पर किए गये शोध कार्य के लिए विद्यावाचस्पति (डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी) की उपाधि से विभूषित किया गया है। यह शोध कार्य डॉ. समीर कुमार व्यास, सहायक आचार्य, इतिहास विभाग, वी.बी.आर.आई. पीजी महाविद्यालय, उदयपुर के निर्देशन में सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया है। इस अवसर पर जयनारायण व्यास विवि., जोधपुर के इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुशीला शक्तावत, प्रसिद्ध इतिहासविद् प्रो. जे.के. ओझा व डॉ. राजेंद्र नाथ पुरोहित, प्रसिद्ध पुरातत्वविद् एवं इतिहासविद् प्रो. जीवन सिंह खरगवाल, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. दिग्विजय भटनागर, प्रो. प्रतिभा, डॉ. पीयूष भादविया, डॉ. मनीष श्रीमाली, डॉ. प्रियदर्शी ओझा, विभाग के इतिहास शोध परिषद के पूर्व अध्यक्ष डॉ. मोहित शंकर सिसोदिया, डॉ. निशा मेनारिया, डॉ. अदिति सोनी, डॉ. नानूराम मीणा, रामकरण गुर्जर, मनोज काजला सहित अन्य शोधार्थी एवं विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

## पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि



**रतनगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** वर्ष 2019 में पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद जवानों की पावन स्मृति में गत सायं घंटाघर पर श्रद्धांजलि अर्पित कार्यक्रम सनातन सेवा न्यास द्वारा किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों व युवाओं ने भाग लेकर वीर शहीदों को पुष्प अर्पित किए तथा दो मिनट का मौन रखकर नमन किया। इस अवसर पर जनशक्ति संगठन के पदाधिकारी सहित अन्य सामाजिक व स्थाई संगठनों के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर गौ सेवक विजय कुमार ने कहा कि शहीदों का बलिदान राष्ट्र के लिए अमूल्य है और उनकी शहादत से प्रेरणा लेकर देश की एकता व अखंडता बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में गौ सेवक गुटराज ललित शर्मा, न्यास प्रदेश प्रभारी विनोद प्रजापति, दिनेश लाहोटी, शंभू दयाल लाटा, उमाशंकर शर्मा, गोविंद खठोड़, सुमित बजरंगी, भरत शर्मा, सुधीर शर्मा, जयपाल, सनातनी रोहित, नितेश, सलीम खान, बलबीर स्वामी, नरेंद्र सिंह, विकास, ओमप्रकाश नायक, अमित कुमार दुबे, नितिन सहित अन्य उपस्थित थे।

### जहाडू ग्राम में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया

**कठूमर अलवर ( हुक्मनामा समाचार )।** कठूमर उपखंड क्षेत्र के ग्राम जहाडू में विराट हिंदू सम्मेलन रोनिजाथान मंडल के अंतर्गत विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें रोनिजाथान मंडल के अंतर्गत सभी गांव के लोगों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

उपखंड कार्यवाह योगेश भनोखर ने बताया कि कार्यक्रम में सर्वप्रथम महिलाओं के द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रेमजी राजावत ने अपने ओजस्वी शब्दों में जन्म चेतना जागृत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोनिजाथान मंडल के अध्यक्ष रघुपति ने की कार्यक्रम के समापन पर भारत माता की आरती की गई। कार्यक्रम में कई ग्रामों के गणमान्य लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर गोपाल सिंह, संतोष,धर्मेंद्र,खेमचंद, राहुल व सत्येंद्र सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आरपीएससी शिक्षक फोरम का स्थापना दिवस, प्रहलाद फाटक्या फिर बने जिलाध्यक्ष

**दौसा ( हुक्मनामा समाचार )।** आरपीएससी शिक्षक फोरम के सदस्यों की बैठक जयपुर रोड स्थित फोरम हाउस में आयोजित हुई, जिसमें फोरम का 18वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया।जिला प्रवक्ता अभय सक्सेना ने बताया कि निर्वाचन अधिकारी रंगलाल मीणा (अतिरिक्त परियोजना समन्वयक समसा) एवं भगवती प्रसाद मीणा (प्राचार्य) के निर्देशन में जिला कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न कराए गए।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष कालूराम मालपुरिया के अनुसार जिला संयोजक कैलाश शर्मा ने जिला अध्यक्ष पद के लिए प्रहलाद फाटक्या का नाम प्रस्तावित किया, जिसे सभी सदस्यों ने ध्वनि मत से समर्थन दिया। इस प्रकार प्रहलाद फाटक्या सर्वसम्मति से लगातार 18वीं बार फोरम के जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुए। इस अवसर पर फोरम की



सोशल मीडिया टीम के सदस्य राजेश निर्माण, कमल बीगास, पंकज अग्रवाल, अनिल शर्मा व जितेंद्र सैनी को सम्मानित किया गया।नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष प्रहलाद फाटक्या ने कहा कि फोरम गठन के बाद से ही शिक्षकों और शिक्षार्थियों के हितों के लिए संघर्षरत है तथा जिले के शैक्षिक व सामाजिक परिदृश्य में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने शिक्षकों की लंबित पदोन्नतियां, पारदर्शी स्थानांतरण नीति, संविदा शिक्षकों का नियमितीकरण, वेतन विसंगतियों का समाधान, सहित विभिन्न मांगों को प्रमुख बताया। इन मांगों का ज्ञापन कर्मचारी महासंघ के प्रदेश नेतृत्व को भेजा गया है।फाटक्या ने कहा कि छात्र हितों से जुड़े सामाजिक कार्यक्रम भी बड़े स्तर पर चलाए जाएंगे ताकि आर्थिक अभाव के कारण कोई भी बालक शिक्षा से वंचित न रहे।इस अवसर पर भगवान सहाय मीणा, विमलेश गंगावत, शिवसागर जांगिड़, सुनीता चावला, विनोद मल्होत्रा, शंभू पोटर, मनोज पावा, केशफुल मीणा, बनवारी लाल मीणा, सतीश यादव, प्रमोद शर्मा, विक्रम यादव, राजेश भारती, केदार वर्मा, दिलीप शर्मा, राजेश सांवरिया, जितेंद्र सांवरिया सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## रूपनारायण सैनी बने तहसील अध्यक्ष



**सिकराय ( हुक्मनामा समाचार )।** महात्मा ज्योतिबा फुले युवा सेवा संस्थान तहसील सिकराय की बैठक रविवार को मानपुर में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से रूपनारायण सैनी (छोकरवाड़ा) को तहसील अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष पद पर निर्वाचन की घोषणा होते ही उपस्थित समाज बंधुओं ने फूलमालाओं से स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। बैठक की अध्यक्षता नाथुलाल सैनी (मानपुर) ने की। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में समाज के प्रबुद्ध जन मौजूद रहे। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सर्वसम्मति से संपन्न कराई गई। कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष सीताराम सैनी, रामेश्वर (मानपुर), मुरारी लाल (मानपुर), रामहेत ठेकेदार, केदार प्रसाद सैनी (सिकराय), रामस्वरूप (मीडिया, गीजगढ़), नेतराम (गीजगढ़), छोटे लाल (बहरावंडा), मुकेश (बहरावंडा), रंगलाल (बांसड़ा), प्रेम सैनी (सिकंदरा), बाबूलाल (डाबर) सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष रूपनारायण सैनी ने सभी समाज बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूती प्रदान करने, समाज में एकता और युवा शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी के सहयोग से संस्थान नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

## श्रीरामचरण जी महाराज की 307वीं जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाई

**टोंक ( हुक्मनामा समाचार )।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय (वैश्य) महासभा स्थानीय शाखा टोंक के तत्वावधान में रामस्नेही सम्प्रदाय के संस्थापक संत शिरोमणी स्वामी श्री श्री 1008 श्रीरामचरण जी महाराज की 307 वीं जयंती महोत्सव पुरानी टोंक स्थित रामद्वारा में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर रामद्वारा के संत कोमलराम महाराज एवं रामनिवास महाराज द्वारा वाणी जी का पठन कर स्वामी जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। स्थानीय अध्यक्ष रमेश कुमार विजयवर्गीय मुल्तानी मेहन्दवास, महामंत्री राजेन्द्र विजयवर्गीय डारडा एवं मीडिया प्रभारी अनिल विजयवर्गीय ने बताया कि रामचरण जयन्ती पर संगीतमय धन्नालाल व हामिद द्वारा प्रस्तुत भजनों पर महिलाएं नाचने को विवश हो गई। शिरोमणी संत कोमलराम महाराज एवं रामनिवास महाराज के सानिध्य में आयोजित जयंती महोत्सव कार्यक्रम में रामस्नेही सम्प्रदाय के संत शिरोमणी स्वामी श्रीरामचरण महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुये बताया कि संत शिरोमणी श्रीरामचरण महाराज ने आज से करीब पौने तीन सौ साल पहले रामस्नेही संप्रदाय की स्थापना की थी। वह निर्गुध भक्ति शाखा के संत भी थे, जिनके द्वारा धर्म की स्थापना आज हम सभी के लिए प्रासंगिक एवं प्रेरणास्त्रोत है। सांय महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बैठक पंगत प्रसादी ग्रहण की।



# ओड महासभा का सम्मलेन, नई प्रदेश कार्यकारिणी घोषित, तोजेंद्र बनावत बने प्रदेश संगठन महामंत्री



**पीलीबंगा ( हुक्मनामा समाचार )।** शनिवार को लखूवाली बस स्टैंड स्थित सामुदायिक केंद्र में ओड महासभा राजस्थान का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित हुआ ।सम्मेलन में वरिष्ठजनों,युवाओं,मातृशक्ति एवं ओड समाज के लोंगो ने बड़ी संख्या में भाग लिया ।इस दौरान समाज की एकता,शिक्षा को बढ़ावा देने,सामाजिक कुरीतियों को त्यागने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। वक्ताओं ने प्रेरक विचारों से समाज को नई दिशा देने,समाज के लिए संगठित होकर एकजुटता से कार्य करने का संदेश दिया ।इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम के उपरांत प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

प्रदेशाध्यक्ष प्रेम ओड ने ओड महासभा राजस्थान की नई प्रदेश कार्यकारिणी के गठन की जानकारी दी ।प्रदेश कार्यकारिणी की औपचारिक घोषणा करते हुए तोजेंद्र बनावत लखूवाली को प्रदेश संगठन महामंत्री नियुक्त किया गया।

ओमप्रकाश मांगल, गोपाल खाबंरा, सुरेश मजोका, सुदेश खाबंरा व दिनेश कुमार को प्रदेश संरक्षक नियुक्त किया ।विनोद गडाई को प्रदेश मीडिया प्रभारी तथा रमेश खाबंरा, बलराम ओड, बाबूलाल व राजू ओड को प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया ।आईटी टीम में राजपाल ओड को प्रदेश प्रभारी एवं हेमंत ओड व ईश्वर ओड को प्रदेश सह प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई ।सोशल मीडिया में जसपाल मजोका को प्रदेश प्रभारी तथा रवि ओड, रोहित मजोका, अजय ओड, मोहित खाबंरा, जयमल मजोका, मनीष ओड, दुष्यंत ओड, दयाराम ओड, सुखदेव ओड,राजेश ओड व अनिल मोयल को सहसोशल मीडिया प्रदेश प्रभारी बनाया गया ।महिला मोर्चा में सरोज ओड (फलोदी)को प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया,विधि प्रकोष्ठ में एडवोकेट मनीष ओड(जयपुर)को जिम्मेदारी सौंपी गई।

## फुले ब्रिगेड का एलान: 25 को जयपुर घेराव अनिश्चितकालीन, 15 मार्च को रक्तवीरों का महाकुंभ

**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** फुले ब्रिगेड ने सैनी समाज की 11 सूत्री मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन की आज निजी पैलेस में हुई अहम बैठक में 25 फरवरी को जयपुर में होने वाले विधानसभा घेराव को लेकर रणनीति तैयार की गई। यह घेराव अनिश्चितकालीन रहेगा, जिसमें सीकर से हजारों समाज बंधु काफिले के साथ जयपुर कूच करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष जयप्रकाश सैनी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में आगामी 15 मार्च को सीकर में आयोजित होने वाले शेखावाटी के रक्तवीरों के महाकुंभ की रूपरेखा भी तय की गई। यह महाकुंभ भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले और फुले ब्रिगेड के प्रथम शहर संयोजक नरेश नारायण पितर जी महाराज की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाएगा।